


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-74 | सीहोर, रविवार 04 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## एमपी के कई जिलों में बदला मौसम; आंधी के साथ बारिश, ओले भी गिरे

### टीकमगढ़ में दिन में छाया अंधेरा, तेज हवाएं चली



नई दिल्ली (ए)। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश समेत 19 राज्यों में आंधी-तूफान देखने को मिला है। राजस्थान में धूलभरी आंधी चल रही है। वहीं, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तेज बारिश हुई है। मप्र में शनिवार को फिर अचानक मौसम बदल गया। कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। टीकमगढ़ में तो दिन में अंधेरा छा गया। यहां दोपहर करीब 3 बजे बाद अचानक तेज आंधी चली। इसके साथ ही बारिश होने लगी। इससे कई जगहों पर पेड़ गिर गए। खराब मौसम के चलते शहर में बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी।

नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। विदिशा जिले के गंजबासौदा में करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक आंधी चली। इसके साथ ही हल्की बारिश भी हुई। छिंदवाड़ा और सिवनी में दोपहर 12 बजे के बाद तेज पानी गिरा। नर्मदापुरम में सुबह बूंदाबांदी हुई। श्योपुर में तो बारिश के साथ करीब 15 मिनट तक ओले गिरे। अशोकनगर और शिवपुरी में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई।

**मौसम विभाग ने यहां अलर्ट जारी किया**

सम विभाग ने ग्वालियर-चंबल संभाग के शिवपुरी, ग्वालियर, अशोकनगर समेत छिंदवाड़ा और सिवनी जिले में तेज आंधी के साथ ओले गिरने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। यहां आकाशीय बिजली चमकने या गिरने की चेतावनी भी है। मौसम विभाग के अनुसार 6 मई तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गरोठ के दुधाखेड़ी माताजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

## केदारनाथ के बाद अब कैलास मंदिर के कपाट खुले

धारचूला (ए)। उत्तराखंड में केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री चारधाम यात्रा के बाद अब आदि कैलास मंदिर के कपाट खुल गए हैं। बम-बम भोले के जयकारे के साथ विधिवित



इस साल की आदि कैलास यात्रा शुरू हो गई है। विदित हो कि पीएम मोदी ने 2023 में दर्शन किए थे। पार्वती सरोवर के समीप स्थित शिव मंदिर के कपाट हिंदु संस्कृति की मान्यता के अनुसार विधि विधान से खुले। इस दौरान बाबा भोलेनाथ कहते दर्शनों को गए भक्तों ने जोरदार जयकारे लगाए।शुक्रवार को प्रातः काल पूजा अर्चना के साथ भगवान भोले नाथ के मंदिर के कपाट खुले। इसके बाद शिवलिंग में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान महाआरती में देश के कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया व पूजा अर्चना की। मंदिर में कपाट खुलते ही भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के जय के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान कर दिया।

## गिरवी रख देना, लोन ले लेना पर जमीन नहीं बेचना- सीएम डॉ. मोहन यादव

### मंदसौर में किसान सम्मेलन और एग्री-हॉर्टी एक्सपो में सीएम ने हितग्राहियों को सौंपा चेक

मंदसौर (ए)। मंदसौर जिले के सीतामऊ में शनिवार को किसान सम्मेलन और एग्री-हॉर्टी एक्सपो का आगाज हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंच से मंदसौर की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र से किसी मरीज को रेफर करने के लिए सरकार जल्द ही एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाएगी। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की, कहा घर में कितनी भी परेशानी आए अपनी जमीन नहीं बेचना, चाहे घर गिरवी रख देना, लोन ले लेना, लेकिन जमीन को बचा कर रखना।मंच पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल



सिंह कंषाना और बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एक्सपो में उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार और फूड प्रोसेसिंग की जानकारी दी गई। सीएम किसान सम्मेलन एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो में 7 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले किसानों में दलौदा के डॉ राकेश पाटीदार शामिल हैं, जो अलसी के डंठल से रेशा उत्पादन कर रहे हैं। सिंदपन के शुभम शर्मा वर्मी कंपोस्ट, मधुमक्खी पालन और मशरूम की खेती करते हैं। मंदसौर के अनुशील गुप्ता 500 किसानों के साथ गाजर की कांट्रैक्ट फार्मिंग कर रहे हैं।

सरकारी नौकरी छोड़ी, जैविक खेती अपनाई

वहीं धलपट के जितेंद्र पाटीदार सौर ऊर्जा से ड्रिप सिंचाई द्वारा फलों की जैविक खेती कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी और अंगोला के राष्ट्रपति की द्विपक्षीय बैठक, संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने अफ्रीकी संघ की अध्यक्षता संभालने के लिए अंगोला को हार्दिक बधाई दी। राष्ट्रपति लौरेंको के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और अंगोला अपने द्विपक्षीय संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हालांकि, हमारे संबंध बहुत पुराने हैं, उस समय से जब अंगोला अपनी आजादी के लिए लड़ रहा था तब भारत ने पूरे विश्वास और मित्रता के साथ उसका समर्थन किया था।

अफ्रीकी संघ का नेतृत्व करने के लिए अंगोला को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता प्राप्त हुई।

## शिमला की संजौली मस्जिद पूरी तरह अवैध घोषित, सिर्फ 3 मंजिल नहीं, अब पूरी मस्जिद गिराई जाएगी

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में स्थित एक मस्जिद के निर्माण को लेकर नगर निगम अदालत ने अपना अंतिम और कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मस्जिद के पूरे निर्माण को अवैध घोषित करते हुए उसे पूरी तरह से गिराने का आदेश जारी किया है। यह फैसला शनिवार को नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री की अदालत ने सुनवाई के बाद सुनाया।

यह निर्णय उस समय आया जब वक्फ बोर्ड की ओर से अदालत में मस्जिद की जमीन के मालिकाना हक या निर्माण से संबंधित कोई भी पुख्ता और वैध दस्तावेज, जैसे कि अनुमोदित नक्शा या नगर निगम की स्वीकृति, प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

इससे पहले, नगर निगम अदालत ने 5 अक्टूबर 2024 को मस्जिद की ऊपरी तीन मंजिलों को अवैध मानते हुए उन्हें दो महीने के भीतर गिराने का आदेश दिया था। हालांकि,



मस्जिद कमेटी इस समय सीमा के भीतर आदेश का पालन करने में विफल रही। कमेटी ने बाद में दो बार और समय मांगा, लेकिन अभी भी एक मंजिल और पिलर का काम अधूरा बताया जा रहा है। शनिवार को हुई सुनवाई में नगर निगम अदालत ने मस्जिद के बची हुई निचली दो मंजिलों को भी अवैध निर्माण की श्रेणी में माना और उन्हें भी गिराने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान, वक्फ बोर्ड के वकील ने दलील दी कि मस्जिद का अस्तित्व 1947 से पहले का है और यह केवल पुनर्निर्माण है। इस पर अदालत ने सवाल उठाया कि अगर यह पहले से मौजूद थी तो नए सिरे से निर्माण के लिए नगर निगम से मंजूरी क्यों नहीं ली गई?

लगभग पौने घंटे तक चली बहस के बाद, कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और दोपहर एक बजे के बाद नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री ने फैसला सुनाते हुए साफ कहा कि पूरी मस्जिद का निर्माण नियमों को ताक पर रखकर किया गया है और यह पूरी तरह अवैध है, इसलिए इसे गिराया जाए।

गौरतलब है कि संजौली मस्जिद का यह मामला तब सुर्खियों में आया था जब 29 अगस्त 2024 को शिमला के मल्याणा क्षेत्र में दो समुदायों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद 1 सितंबर को संजौली मस्जिद के बाहर तनाव की स्थिति बनी और अवैध निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठा।

## गोवा के लइराई देवी मंदिर में अचानक मची भगदड़, सात की मौत



पणजी(ए)। प्रसिद्ध लइराई देवी मंदिर में शनिवार को भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में कम से कम 7 लोगों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया गया है। नॉर्थ गोवा के एसपी अक्षत कौशल ने यह जानकारी दी है। भगदड़ के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक हर साल की तरह पारंपरिक जात्रा में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। भारी भीड़ के चलते वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों का हाल जाने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी पहुंचे।

लइराई देवी की पूजा मुख्य रूप से गोवा में की जाती है। यहां हर साल आयोजित होने वाले जात्रा को को शिरगांव जात्रा के नाम से भी जाना जाता है। यह जात्रा चैत्र मास में कई दिनों तक चलती है। इसमें लोग दहकते अंगारों पर नंगे पैर चलते हैं। भक्त एक पवित्र झील में स्नान करते हैं। इससे पहले लोग व्रत और पूजा करते हैं। मंदिर से देवी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। बता दें कि गोवा के श्रीगांव को लेकर कई कहनियां प्रचलित हैं। लइराई देवी का मंदिर होने की वजह से यहां पर शराब और अंडा तक प्रतिबंधित है। कोई किसी जानवर की हत्या नहीं कर सकता। इस गांव में घोड़े भी प्रवेश नहीं कर सकते। बड़ी संख्या में लोग लइराई देवी के दर्शन करने पहुंचते हैं।

## कार से मिले सवा करोड़ के पुराने नोट, सलूंबर पुलिस ने तीन जनों को पकड़ा

सलूंबर (आरएनएस)। जिले की सलूंबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक कार से लगभग 1.34 करोड़ रुपए के पुराने नोट जब्त किए हैं। इस मामले में कार में सवार तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।सलूंबर एसपी राजेश यादव ने बताया कि थानाधिकारी मनीष खोईवाल को सूचना मिली थी कि एक कार में पुराने नोटों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस पर पुलिस ने उदयपुर-सलूंबर मेगा हाइवे पर नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया, जिसमें नोटों की गड्डियां बरामद हुईं।गिनती करने पर पता चला कि कार में 1000 रुपए की 98 और 500 रुपए की 73 गड्डियां थीं।




## विवादों में घिरीं बरखा दत्त, पाबंदी के बावजूद श्रीनगर के लाल चौक में किया वीडियो शूट; लगे 'देशद्रोह' के आरोप

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले, जिसमें 28 पर्यटकों की जान चली गई थी, के बाद जहां घाटी में हाई अलर्ट जारी है और भारत सरकार ने मीडिया संगठनों को सैन्य गतिविधियों की रिपोर्टिंग में अत्यधिक संयम बरतने की सलाह दी है, वहीं वरिष्ठ पत्रकार बरखा दत्त एक वीडियो शूट को लेकर विवादों में घिर गई हैं। श्रीनगर के लाल चौक जैसे संवेदनशील और भारी सैन्य उपस्थिति वाले क्षेत्र में उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग ने ऑनलाइन जबरदस्त आक्रोश पैदा किया है और उन पर 'देशद्रोही' होने तक के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा जारी सलाह का उद्देश्य पाकिस्तान के साथ बढ़े हुए तनाव के इस संवेदनशील समय में राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाले किसी भी अनजाने लीक को रोकना था। इस सलाह में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि आधिकारिक मंजूरी के बिना सैन्य गतिविधियों से संबंधित विवरण रिपोर्ट न किए जाएं। हालांकि यह सलाह कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, लेकिन अपेक्षा की जाती है कि युद्ध जैसी स्थितियों या बढ़े



तनाव के दौरान सभी समाचार चैनल और फील्ड रिपोर्टर इसका पालन करें।

लेकिन इस चेतावनी के बावजूद, बरखा दत्त को हाल ही में लाल चौक से विजुअल्स लेते देखा गया। उनकी इस कार्रवाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर व्यापक नाराजगी को जन्म दिया है। बड़ी संख्या में यूजर्स उन पर आरोप लगा रहे हैं कि वह पत्रकारिता के नाम पर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी कर रही हैं।

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें सीधे तौर पर देशद्रोही करार दिया है। इसके साथ ही, उनके पिछले करियर से जुड़े पुराने आरोप भी फिर से सामने आने लगे हैं। आलोचक दावा कर रहे हैं कि उन्होंने पहले भी, जैसे कि कारगिल युद्ध और 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के दौरान, ऑपरेशनल विवरण लीक करके राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया था - हालांकि बरखा दत्त ने इन आरोपों को लग ातार नकारा है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, कश्मीर में भारतीय सेनाओं की फिल्म बनाने के लिए बरखा दत्त को दोष मत दो। वह वही कर रही है जो उसे पसंद है - एक देशद्रोही होना। असली मुद्दा उन लोगों के साथ है जो इसकी अनुमति देते हैं। कुछ अन्य लोगों ने यह सवाल भी उठाया कि अस्थिर और संवेदनशील क्षेत्रों के दौरान मीडिया कर्मियों को सैन्य काफिलों या सुरक्षित क्षेत्रों के पास जाने की अनुमति क्यों दी जाती है। कश्मीर से उनकी हालिया रिपोर्टिंग को लेकर ऑनलाइन लग रहे आरोपों और प्रतिक्रियाओं के संबंध में बरखा दत्त या उनकी मीडिया टीम की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## आतंकवाद से कैसे निपटा जाए, प्रधानमंत्री अच्छी तरह से जानते हैं - फारुक अब्दुल्ला

श्रीनगर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। एक ओर जहां विपक्ष सरकार से जवाब मांग रहा है, वहीं सत्ताधारी पक्ष आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदमों की बात कर रहा है।



इसी बीच, जेकेएनसी नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हम बीते 35 साल से आतंकवाद झेल रहे हैं, अब इसे खत्म करना ही होगा। बहुत हो गया, आखिर कब तक छाती पीटते रहेंगे? उन्होंने कहा कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है और सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से कैसे निपटा जाए, यह प्रधानमंत्री अच्छी तरह से जानते हैं। महबूबा मुफ्ती के एक बयान पर जब फारूक अब्दुल्ला से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने कहा, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा, क्योंकि उनका निशाना प्रधानमंत्री पर होता है। मैं ऐसी कोई बात नहीं करूंगा। आज पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है और उम्मीद है कि वह ऐसा कदम उठाएंगे जिससे आतंकवाद का अंत हो सके।पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, उनसे कहिए कि थोड़ा इंतजार करें, सब्र रखने में ही सब कुछ होगा।





# दुधारखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के भव्य रूप में विकसित किया जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**-पूरे मालवा क्षेत्र को मिलेगा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ों परियोजना का लाभ**

**-हर हाथ को काम और हर खेत को पानी हमारी सरकार का संकल्प**

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्षेत्र की आस्था के केंद्र दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के रूप में भव्य रूप से विकसित किया जाएगा। इसके विकास कार्यों और सौन्दर्यीकरण के लिए प्रत्येक कार्य होगा मुख्यमंत्री ने दुधाखेड़ी माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना तथा दर्शन किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर हाथ को काम और हर खेत को पानी उपलब्ध कराना हमारी सरकार का संकल्प है। इसके लिए प्रदेश में विशाल पैमाने पर औद्योगिकरण तथा सिंचाई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मंदसौर जिले के ग्राम दुधाखेड़ी में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहाँ 400 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास हो रहा है। यह क्षेत्र अब देश में चहूंओर से जुड़ रहा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे तथा अन्य मार्गो के निर्माण से गरोठ भानपुरा क्षेत्र देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ रहा है। उज्जैन-गरोठ मार्ग निर्माण से हमारी सरकार ने उज्जैन से इस क्षेत्र के हजारों साल पुराने संबंध को और पक्का करने का कार्य किया है। इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहे हैं क्षेत्र में अब चीते दौड़ते हुए दिखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। यहां पर भानपुरा शंकराचार्य जी की पीठ स्थापित है मुख्यमंत्री द्वारा शंकराचार्य श्री सत्यमित्रानंद जी महाराज के कार्यों का जिक्र करते हुए धर्म तथा राष्ट्र के लिए विभिन्न शंकराचार्य के कार्यों तथा भूमिका पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में जिन-जिन स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई है, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता भवन बनाये जा रहे हैं। गरोठ भानपुरा में भी गीता भवन बनाया जाएंगे। कामधेनु योजना से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे निरंतर इस क्षेत्र में आते रहेंगे तथा विकास की सौगात मिलती रहेगी। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अपने संबोधन में कहां कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अभूतपूर्व रूप से सिंचाई क्षमता वृद्धि में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 50 लाख हैक्टेयर भूमि के रकबे में सिंचाई उपलब्ध करा दी गई है। आगामी 2 वर्षों में 65 लाख हेक्टेयर तथा 5 वर्षों में प्रदेश का 100 लाख हैकटेयर रकबा सिंचित कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया विदिशा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

***अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्यों का लिया जायजा***



भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल में स्थित विदिशा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण आज माननीय केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर का भ्रमण कर यात्री सुविधाओं, निर्माणाधीन संरचनाओं तथा आधुनिकीकृत यात्री प्रतीक्षालयों की स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यात्रियों के हित में कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेशन का पुनर्विकास कार्य न केवल सुविधाजनक बल्कि सौंदर्यात्मक रूप से भी प्रभावशाली होना चाहिए ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके। साथ ही, उन्होंने स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने निर्माण कार्यों की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विदिशा स्टेशन का कायाकल्प होने से पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यों की प्रगति में पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयबद्ध रूप से निर्माण पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर माननीय विधायक विदिशा मुकेश टंडन, माननीय विधायक कुरवाई हरी सिंह सप्रे सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं रेलवे की ओर से मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) के. के. निगम एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजय मानोरिया उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने माननीय मंत्री को कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशन पर आधुनिक टिकट काउंटर, लिफ्ट, एस्केलेटर, विस्तारित फुट ओवर ब्रिज, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा आकर्षक फसाड तैयार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आम जनता में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कई यात्रियों ने मंत्री जी से मिलकर स्टेशन विकास को लेकर अपने अनुभव साझा किए। मंत्री जी की यह यात्रा स्टेशन पुनर्विकास को नई दिशा प्रदान करने वाली साबित हुई, जिससे संबंधित अधिकारियों को प्रेरणा मिली और स्थानीय नागरिकों में रेलवे के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हुआ।

## हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों ने किया जोरदार प्रदर्शन, डॉ. अरुणा कुमार को हटाने की मांग




भोपाल,(आरएनएस)। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. अरुणा कुमार को डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन नियुक्त किए जाने के खिलाफ प्रदेशभर में जूनियर डॉक्टर्स और मेडिकल टीचर्स में आक्रोश है। शनिवार दोपहर 12 बजे राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित नई ब्लॉक 1 और 2 के बाहर बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया। गांधी मेडिकल कॉलेज से जुड़े जूनियर डॉक्टर्स, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) और सीनियर फैकल्टी सदस्यों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लिए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति तुरंत रद्द की जाए और इस पद पर निष्पक्ष व विवादमुक्त छवि के व्यक्ति को नियुक्त किया जाए। प्रदर्शन की घोषणा शुक्रवार रात को ही कर दी गई थी, जब एमटीए और जूडा (जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन) के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात कर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थीं। जूडा ने आरोप लगाया कि डॉ. अरुणा कुमार के पूर्व प्रशासनिक कार्यकाल में एक महिला जूनियर डॉक्टर ने मानसिक प्रताड़ना के चलते आत्महत्या जैसा कदम उठाया था। इसके अतिरिक्त, उनके व्यवहार के चलते कॉलेज परिसर में कई बार तनावपूर्ण स्थिति बनी। वरिष्ठ महिला चिकित्सकों ने तो एक समय सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी तक दे दी थी। जूडा अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने कहा, हमारा विरोध व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि उनकी कार्यशैली और कार्यकाल के दौरान उत्पन्न विवादों को लेकर है। हम नहीं चाहते कि प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था के शीर्ष पद पर कोई विवादित व्यक्ति बैठे। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में कई योग्य और स्वच्छ छवि वाले वरिष्ठ चिकित्सक हैं, जो इस पद के लिए अधिक उपयुक्त हैं। डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति के खिलाफ जबलपुर के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन - जूनियर डॉक्टर नेटवर्क मध्यप्रदेश और एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर की जूडा इकाई ने भी खुलकर आपत्ति जताई है। हमीदिया अस्पताल में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर्स, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य और अन्य चिकित्सक शामिल हुए। एमटीए की ओर से डॉक्टर राकेश मालवीय ने नेतृत्व किया। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन संदेश साफ था, चिकित्सा शिक्षा जैसे संवेदनशील विभाग में ऐसा व्यक्ति नहीं चलेगा, जिस पर गंभीर आरोप और विवाद हों।

## महिलाओ के साथ मासूम बच्चियो को ले जा रहा ई-रिक्शा नाले में पलटा, बड़ा हादसा टला



भोपाल(ए.)। शहर के ऐशबाग इलाके में सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा बेकाबू होकर नाले में पलट गया। घटना में डेढ़ साल की मासूम बच्ची समेत आधा दर्जन महिलएं घायल हो गई हैं। मामले में पुलिस ने ई-रिक्शा को नाले से निकालकर जब्त करते हुए चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित बी-सेक्टर में रहने वाली रानी जैन पति अमित जैन (32) ने शिकायत करते हुए बताया की बीती 27 अप्रैल को वह श्वेता जैन, मीनल जैन, मोनिका जैन, स्वाति जैन, आकांक्ष जैन और उसकी डेढ़ साल की बेटी के साथ अभिरुचि परिसर के पास एक कैफे में पार्टी में आई थी। वहां से लौटने के लिए यह सभी लोग ई-रिक्शा में सवार हुए। रिक्शा अभिरुचि परिसर स्थित सर्विस रोड से प्रभात चौराहे पर स्थित मैन रोड पर आने लगा। इसी बीच रात लगभग साढ़े सात बजे नाले के पास से निकलते समय अधिक रफ्तार होने के कारण रिक्शा एक और झुका और फिर करीब 15 फिट गहरे नाले में पलट गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई आसपास के लोगो ने तुरंत ही मदद करते हुए सभी को नाले से बाहर निकालते हुए पुलिस को सूचना दी। हादसे में मोनिका जैन और स्वाति जैन को सिर में चोट लगी है। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी, लेकिन डाक्टर ने उस समय कहा की घायलो की हालत देखते हुए कहा था की अभी उनके बयान दर्ज नहीं किये जा सकते। इसके बाद अगले दिन पुलिस ने बयान दर्ज कर रिक्शा चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया।

### टीआईटी कॉलेज छात्राओ से गैंग रेप, ब्लैकमेलिंग मामला

भोपाल(ए)। भोपाल में टीआईटी कॉलेज छात्राओं से रेप कर उनके वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में अशोका गार्डन पुलिस ने दो और पीड़िताओ की जानकारी जुटा ली है। पुलिस सूत्रो के अनुसार दोनो महिलाओ तक पुलिस फरहान के मोबाइल कॉल डिटेल के जरिए पहुंची। पता चला की वह दोनो शादीशुदा है, इन दोनो को आरोपी फरहान ने अपना शिकार बनाया था। लेकिन वह सामाजिक बदनामी के कारण सामने नहीं आना चाहती है। सूत्रो की मानी जाये तो दोनो महिलाओ ने पुलिस को बतायसा की वह साल 2022 से उसके संपर्क में थी। दोनों युवतियों की पढ़ाई पूरी हो चुकी है, और दोनों अब शादीशुदा हैं। एक युवती का बच्चा भी है। हालांकि पुलिस ने तीन दिनों तक महिलाओ को आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कराने पर हर तरह की मदद और साथ देने की बात कही लेकिन वह सामने आने को तैयार नहीं हुई। हालांकि उन्होंने आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। गौरतलब है कि फरहान द्वारा सात युवतियों से दुष्कर्म किये जाने की जानकारी सामने आई है। इनमें से पांच सामने आ चुकी हैं। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भी भोपाल आकर दो दिनों तक पूरे प्रकरण को लेकर अपनी रिपोर्ट बनाएगा। फरहान और उसके गिरोह के साथी सैयद अली, साहिल के मोबाइल और अन्य गेजेट्स में मिले युवतियों के साथ फोटो और वीडियो क्लब-90 के हैं। हालांकि पुलिस क्लब के दो कमरों को बंद कराकर उनकी जांच भी कराई है। क्लब 90 हथाईखेड़ा डैम की जमीन लीज पर लेकर चलाया जा रहा है। यह लीज मेहरबान गुर्जर के नाम पर थी, लेकिन उसकी देखरेख अब मुकेश गुर्जर कर रहा है। सूत्रो की मानी जाये तो क्लब-90 में राजधानी सहित आसपास के रंगीन मिजाज युवाओ और युवतियो की मनपसंद जगह मानी जाती है। इस पर ठोस कार्यवाही न होने पर कई सवाल उठ रहे है। ज्यादती करते हुए वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के सनसनीखेज मामले में सात आरोपी है। इसमें मुख्य आरोपी फरहान है। उसके अलावा सैयद अली, साद, साहिल अली उर्फ पन्ना, अबरार और नाबिल है। वहीं सातवें आरोपी हामिद ने दिसंबर, 2024 में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस पॉच आरोपियो को दबोच चुकी है, लेकिन अबरार अभी भी फरार चल रहा है।

### हिंदू छात्राओं से दुष्कर्म के आरोपी फरहान का शॉर्ट एनकाउंटर

भोपाल, (आरएनएस)। हिंदू छात्राओं से गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग के मामले में मुख्य आरोपी फरहान का शुक्रवार देर रात शॉर्ट एनकाउंटर हुआ है। दरअसल, इस मामले की मुख्य आरोपी फरहान पुलिस कस्टडी से फरार होने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने फरहान पर फायर किया। गोली फरहान के पैर में लगी। फिलहाल, पुलिस ने घायल अवस्था में आरोपी को शहर के हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया है, जहां उसका इलाज जारी है। अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। फरहान पर अब हत्या के प्रयास का केस भी दर्ज किया गया है।बता दें, शुक्रवार को भोपाल की अशोका गार्डन थाना पुलिस को फरहान की रिमांड मिली है। रिमांड के दौरान पुलिसकर्मी उसे थाने से उसकी निशानदेही पर एक अन्य आरोपी की तस्दीक के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान फरहान ने पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनने का प्रयास किया।अशोका गार्डन थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव के मुताबिक आरोपी फरहान ने पुलिस को गुमराह करने के लिए बताया था कि मामले में एक और फरार आरोपी अबरार बिलकिसगंज जिला सीहोर में छिपा है।

## चार धाम यात्रा अब रेल से, भारत गौरव डीलक्स ट्रेन से करें पावन यात्रा

भोपाल (निप्र)। यात्रियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा सुलभ एवं सुविधाजनक बनाने हेतु भारतीय रेल द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में चार धाम की यात्रा को लेकर रेल मंत्रालय द्वारा 'भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन' का संचालन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को देश के चार कोनों में स्थित प्रमुख तीर्थस्थलों का दर्शन कराएगी। यह विशेष ट्रेन 27 मई 2025 को नई दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से रवाना होकर 17 दिनों की पावन यात्रा पर निकलेगी, जिसमें कुल 8425 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। यात्रा के दौरान बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका जैसे प्रतिष्ठित धामों के साथ-साथ माना गाँव, जोशीमठ, ऋषिकेश, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, धनुषकोड़ी, और भेंट द्वारका जैसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों का दर्शन भी कराया जाएगा। इस धार्मिक यात्रा को और भी विशेष बनाते हुए ट्रेन में काशी विश्वनाथ



मंदिर (वाराणसी), भीमशंकर मंदिर (पुणे) और त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग (नासिक) का भ्रमण भी यात्रियों को कराया जाएगा, जिससे यह यात्रा आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध हो जाती है। भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन को पूर्णत: वातानुकूलित बनाया गया है, जिसमें फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी के डिब्बे उपलब्ध हैं। ट्रेन में आधुनिक सुविधाओं जैसे डायनिंग रेस्टोरेंट, मॉडर्न किचन, स्नान क्यूबिकल्स, बायो टॉयलेट्स, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, और फुट मसाजर की भी व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को घर जैसी सुविधा का अनुभव मिलेगा। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन (IRCTC) द्वारा किया जाएगा। इस यात्रा के लिए निर्धारित पैकेज रेट में यात्रा टिकट, तीन सितारा होटल में ठहराव, प्रतिदिन तीन समय का भोजन, साइटसीइंग, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवाएं भी शामिल हैं। कुल 150 सीटों की इस ट्रेन में बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। बुकिंग की प्रक्रिया IRCTC की वेबसाइट और पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन योजना के अंतर्गत ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ा जा रहा है, जो देश के लोगों की आस्था के केंद्र हैं। इस पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि आम यात्रियों को भी संगठित और सुरक्षित तरीके से यात्रा करने का अवसर मिल रहा है।

### रनिंग ट्रेनों में सफर के दौरान सोने-चॉदी के जेवरात चोरी

भोपाल (ए.)। राजधानी से गुजरने वाली अलग-अलग रनिंग ट्रैनो में सफर कर रहे लोगो को अज्ञात बदमाशो ने निशाना बनाकर उनके पास मौजूद बैग की चेन खोलकर सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार विजयवाड़ा आंध्रा प्रदेश के रहने वाले मक्काना वेणु बाबू पिता एम. कोटेश्वर राव (40) ने अपनी शिकायत में बताया की वे उज्जैन जाने के लिए ट्रेन 22646 के एस-5 कोच में परिवार सहित सफर कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उन्हें जानकारी लगी की उनके साथ मौजूद एक महिला रिश्तेदार का हैंड बैग चोरी हो गया है। चोरी गये बैग में करीब 70 हजार का माल रखा था। वहीं फरियादी रवि कुमार कुशवाहा पिता जगदीश कुमार कुशवाहा ने भोपाल जीआरपी में प्रकरण दर्ज कराते हुए बताया की वे उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के रहने वाले हैं। वह अपनी पत्नि सरिता कुशवाहा के साथ पातालकोट के जनरल डिब्बे में सफर कर रहे थे।

### दसवीं की छात्रा ने दोस्ती खत्म की तो युवक ने रास्ते में रोककर की मारपीट

भोपाल (आरएनएस)। ऐशबाग की रहने वाली दसवीं की छात्रा से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। छात्रा के दोस्त ने डरा धमकाकर उसके पर्सनल फोटो ले लिए थे। बाद में जब छात्रा ने उससे बात बंद कर दी तो उसने ये फोटो उसकी मां को भेज दिए।दो दिन पहले उसने छात्रा से मारपीट भी की। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छेड़खानी, पॉक्सो और मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय किशोरी ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहती है। दसवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। जहांगीराबाद इलाके में रहने वाले अमन यादव से उसकी दोस्ती थी। दोनों मोबाइल फोन पर बात किया करते थे। यह बात जब छात्रा के घर वालों को पता चली तो उन्होंने छात्रा को दोस्ती खत्म करने के लिए कहा। इसके बाद छात्रा ने युवक से बात करना बंद कर दी। युवक ने छात्रा से मुलाकात कर बहला-फुसलाकर एक मोबाइल दे दिया। उसने कहा कि जब भी मैं फोन करूं तो इसी पर बात करना। छात्रा ने मोबाइल फोन ले लिया। कुछ दिन बाद ही युवक ने छात्रा से अपने न्यूड फोटो भेजने को कहा।छात्रा ने मना किया तो उसने धमकी दी कि मैं तुम्हारे घर वालों को बता दूंगा कि तुम मेरे दिए गए मोबाइल फोन से चोरी छिपे बात करती हो। धमकी से डरकर छात्रा अपने न्यूड फोटो भेज दिए। यही फोटो युवक ने बाद में छात्रा की मां को भेज दिए। इसके बाद छात्रा के परिवार के लोगों ने युवक को जमकर फटकार लगाई और बेटी से दूर रहने को कहा। 2 दिन पहले छात्रा जब खेलने के लिए मैदान पर जा रही थी तभी रास्ते में युवक मिल गया। वहां उसने छेड़खानी करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पॉक्सो, छेड़छाड़ और मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 09407/09408 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

**पश्चिम मध्य रेलवे के संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव**



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09407/09408 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 07-07 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

**अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन ( 14 सेवाएं )**

गाड़ी संख्या 09407 अहमदाबाद-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 मई से 17 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद स्टेशन से सुबह 09:20 बजे प्रस्थान कर, संत हिरदाराम नगर रात 21:00 बजे, पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 00¬10 बजे, सागर 01:30 बजे, दमोह 03:00 बजे, कटनी 06¬00 बजे, सतना 07:45 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए बुधवार रात 19:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। (07 ट्रिप) गाड़ी संख्या 09408 दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 07 मई से 18 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को दानापुर स्टेशन से रात 22:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना सुबह 08:50 बजे, कटनी मुड़वारा 10:35 बजे, दमोह 12:10 बजे, सागर 13:25 बजे, बीना 16:05 बजे, संत हिरदाराम नगर 19:00 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए शुक्रवार सुबह 07:15 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुंचेगी। (07 ट्रिप) ठहराव: नाडियाड, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर सकते हैं।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सीतामऊ मंदसौर में आयोजित कृषि उद्योग समागम-2025 में हितलाभ वितरित किए।

# तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त व्यस्त, आकाशीय बिजली गिरने से बालिका की मौत

शहडोल (ए.)। शनिवार की सुबह शहडोल जिले में लोग गर्मी से बेहाल थे, लेकिन दोपहर में अचानक मौसम ने करवट लिया। करीब एक बजे के आसपास आसमान में घने बादल छाने लगे, जो कुछ ही समय में बूंदाबांदी में बदल गए। इसके बाद तेज बारिश और ओलावृष्टि ने लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया। आधे घंटे से अधिक समय तक चलने वाली बारिश ने जहां गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं किसानों की चिंता को एक बार फिर बढ़ा दिया। तो वहीं आकाशीय बिजली गिरने से बालिका की मौत हो गई।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेंद्र सिंह ने इस मौसम परिवर्तन पर चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रकार की तेज बारिश और ओलावृष्टि आम की फसल के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है। किसानों को सतर्क रहना चाहिए और अपनी फसलों का ध्यान रखना चाहिए। उनका कहना है कि अगर इसी तरह का मौसम बना रहा, तो कृषि उत्पादन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत

इस बारिश के दौरान एक और दुखद घटना घटी। शहडोल के थाना सोहागपुर अंतर्गत सेमरिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय नंदिनी बैगा की मृत्यु हो गई।



पुलिस के अनुसार, नंदिनी अपने नाना-नानी के घर पर रह रही थी। जब बारिश शुरू हुई, तब वह घर के बाहर सूख रहे कपड़ों को उठाने गई, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के पंच ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा, यह बेहद दुखदाई है। हमें सावधान रहना चाहिए, खासकर इस मौसम में। बच्चों को बाहर जाने से रोकना चाहिए।

## जबलपुर की नाबालिग से मंडला में दुष्कर्म, दो संदिग्ध हिरासत में; मुख्य आरोपी राजन फरार



मंडला (ए.)। जबलपुर की एक नाबालिग लड़की के साथ मंडला में हुए दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में जबलपुर पुलिस ने शुक्रवार को मंडला में त्वरित कार्रवाई की। कोतवाली थाना क्षेत्र में देर रात तक चली जांच के बाद पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए जबलपुर ले गई। हालांकि, मुख्य आरोपी राजन अभी भी फरार है, और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंडला निवासी राजन ने स्नैपचैट के जरिए जबलपुर की नाबालिग लड़की से दोस्ती की थी। उसने लड़की को कान्हा नेशनल पार्क घूमने का लालच देकर 26 अप्रैल को मंडला बुलाया। लड़की ने परिजनों से सहेली के घर जाने का बहाना बनाया और मंडला पहुंच गई। वहां राजन ने उसे अपने एक दोस्त के घर ले जाकर बंधक बना लिया।

## राम भरोसे सरकारी अस्पताल! एंबुलेंस में मिली पापड़-चिप्स की बोरियां, एक घंटे तक तड़पता रहा मरीज

सागर (ए.)। सागर जिले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं भगवान के भरोसे ही हैं। जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को डॉक्टर नहीं मिलते, जिससे लोग मजबूरन झोला छाप डॉक्टरों का सहारा लेते हैं। इसी कड़ी में शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गंभीर बीमार वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन यहां कोई डॉक्टर नहीं मिला। अस्पताल के सहायक स्टाफ ने कहा कि वृद्ध को सागर ले जाना होगा।

## अभद्र चौकीदार ने शिकायत लेकर आई फरियादी को निकाला बाहर, दिव्यांग महिला ने लगाए गंभीर आरोप



छतरपुर (ए.)। जिले की महाराजपुर तहसील में एक दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर महिला के साथ कथित रूप से की गई अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला रचना पाठक, जो ग्राम मटौंधा चौबन की निवासी हैं, ने आरोप लगाया है कि वह अपनी फरियाद लेकर तहसील कार्यालय पहुंची थीं, लेकिन उनकी बात न सुनी गई और तहसीलदार के कहने पर चौकीदार ने उन्हें ऑफिस से बाहर निकाल दिया।

रचना पाठक का कहना है कि उनका पीएम आवास स्वीकृत हो चुका है, लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते उन्हें घर से निकाल दिया गया और उनके परिजनों ने धोखे से मकान और ज़मीन अपने नाम रजिस्ट्री करा ली। उन्होंने बताया कि उनका पति अनपढ़ और सीधा-साधा है, जिसका नाजायज फायदा उठाकर उनके हिस्से की जमीन भी बेच दी गई।

महिला ने प्रशासनिक अधिकारियों पर अनदेखी के आरोप लगाते हुए कहा कि वह बीते एक महीने से लगातार थाना, तहसील, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रही हैं, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसीलदार अनिल तलैया ने चौकीदार को इशारा कर उन्हें बाहर निकलवाया और अभद्रता की गई।

महिला ने बताया कि वह इतनी गरीब हैं कि किराये तक के पैसे नहीं होते, लेकिन फिर भी न्याय के लिए लगातार दर-दर भटक रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तहसील जाती हैं तो गाली देकर थाने भेज दिया जाता है, और जब थाने जाती हैं तो फिर गालियां देकर तहसील भेज दिया जाता है। जब मीडिया ने इस मामले में तहसीलदार अनिल तलैया से उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।



## आसमान से गिरा रहस्यमयी गोला; ग्रामीणों में मचा हड़कंप, जानें मौसम विभाग ने क्या कहा?

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी जिले के पोहरी इलाके के छर्च गांव में शनिवार (3 मई) को एक एयर बैलून के नदी में गिरने की खबर मिली। जब लोगों ने आसमान से कोई भारी चीज गिरते हुए देखी, तो उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने एयर बैलून को नदी से निकालकर अपने कब्जे में ले लिया। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि यह बैलून कहां से आया और क्यों गिरा। प्रशासन ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

## घर के अंदर से आ रही थी बदबू, ताला तोड़ पड़ोसी घुसे तो उड़ गए होश...एक हाथ ने खोला कत्ल का सारा राज



खरगोन (ए.)। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के ग्रामीण अंचल से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर उसे घर में ही खटिया के नीचे दफना दिया, लेकिन ठीक से न दफनाने के चलते उसका एक हाथ बाहर ही रह गया और घर से बदबू आने लगी।

इसी बीच पड़ोसी भी उसकी पत्नी को लेकर पूछताछ करने लगे। जिससे घबराए पति ने कीटनाशक पीकर खुद की भी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि पति शराब के नशे का आदी था और अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा करता रहता था। वहीं 5 साल पहले दोनों का पुनर्विवाह भी हुआ था और घर में केवल दोनों पति-पत्नी ही रहते थे। फिलहाल पुलिस ने इस घटना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में बड़वाह थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर ने बताया कि पति लक्ष्मण दुबलिया (45) द्वारा आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। जबकि पत्नी रुक्मणिबाई के साथ किसी तरह की वारदात हुई है। लक्ष्मण का शव घर के बाहर पड़ा था। उसके पास पानी की बोतल और जहर की शीशी भी पड़ी थी। जबकि घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा होने और अंदर से तेज बदबू आने पर शंका के आधार पर ग्रामीणों ने पहले ही घर का ताला तोड़ दिया था। जब अंदर जाकर देखा तो खटिया के नीचे पत्नी रुक्मणिबाई (40) का गड्डे में दफनाया हुआ शव था। लेकिन शव का हाथ गड्डे से बाहर था। गड्डे को देख लग रहा था शव को बेतरतीब तरीके से दफनाया गया था। टीआई ने बताया कि पुलिस इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## दो कमरे में चलता मिला अवैध नर्सिंग होम, एक साल पहले रद्द हो चुका था रजिस्ट्रेशन; मिलीं अनेक खामियां



सीहोर(ए.)। स्वास्थ्य विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद जिले में कई निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। ताजा मामला श्यामपुर तहसील के ग्राम सोनकच्छ का है, जहां आरोग्य केयर अस्पताल नाम से एक नर्सिंग होम बिना पंजीयन के चल रहा था। विभागीय टीम ने जब अस्पताल का निरीक्षण किया तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए।

जानकारी के अनुसार, आरोग्य केयर अस्पताल का पंजीयन वर्ष 2024 में ही रद्द कर दिया गया था, बावजूद इसके यहां चिकित्सकीय सेवाएं अवैध रूप से दी जा रही थीं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंभीर खामियां पाई गईं। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया को सौंप दी है।

### बिना पंजीयन कर रहे थे प्रसव

जांच के दौरान सामने आया कि अस्पताल में महज दो कमरे हैं और आवश्यक मेडिकल उपकरणों की भारी कमी है। इसके बावजूद यहां महिलाओं के प्रसव कराए जा रहे थे। अस्पताल में रखी गई 164 डिलीवरी केस शीट में किसी भी मरीज की जानकारी दर्ज नहीं थी।

# व्यापार समाचार

## GST : जीएसटी में एक बार की माफी योजना लाएगी सरकार, व्यापारियों के लिए बड़ी खुशखबरी




नई दिल्ली (ए.)। जीएसटी को लेकर व्यापारी समुदाय में लगातार नाराजगी बनी रही है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार जीएसटी भरना उनके लिए एक कठिन काम हो गया है और इससे उनके कामकाज प्रभावित होते हैं। साथ ही समझने में कमी के चलते कई बार व्यापारियों को हर्जाना भी भुगतना पड़ता है। लेकिन इस बार जीएसटी को लेकर ऐसी खबर आई है जिसका पूरा व्यापारी समुदाय स्वागत करेगा। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने जीएसटी के पुराने पड़े विवादित मामलों को सुलझाने के लिए एक बार जीएसटी माफी योजना लाएगी। इसके अंतर्गत व्यापारी जीएसटी के पुराने विवादों का निबटारा कर सकेंगे और नए तरीके से जीएसटी भरने की शुरुआत कर सकेंगे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक कार्यक्रम में कहा कि जीएसटी को लेकर व्यापारियों की बड़ी शिकायतें रही हैं। लेकिन सरकार व्यापारियों का सहयोग करते हुए इसका उचित समाधान पेश करने की कोशिश करेगी। सबसे पहले जीएसटी के पुराने मामलों के निबटारे के लिए एक मुश्त जीएसटी माफी योजना लागू की जाएगी। इसके बाद व्यापारी नए तरीके से टैक्स का आसानी से भुगतान कर सकेंगे।

### वेयरहाउसिंग एवं इंडस्ट्रियल पालिसी शीघ्र

रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लेकर आएगी। इसके अंतर्गत राजधानी क्षेत्र में कोई भी व्यापार शुरू करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया जाएगा। यानी व्यापारियों को आवश्यक कागजातों और औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय की ओर भागना नहीं पड़ेगा। समयबद्ध तरीके से व्यापारियों को लाइसेंस देने की सभी प्रक्रिया पूरी कर व्यापार करने को सुगम बनाया जाएगा।

## 20 साल में 1.55 लाख करोड़ की संपत्ति अटैच, 100 पीएमएलए अदालतें फिर भी मामलों में हो रही




नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशायल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ती की जब्ती मुकदमेबाजी और स्थगन आदेश के कारण अटकी पड़ी है। इन संपत्तियों को ईडी ने धन शोधन निवारण कानून के तहत अनंतिम रूप से अटैच किया था।

जांच एजेंसी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच के दौरान उन संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच करने का अधिकार है, जिनके बारे में संदेह है कि वे अपराध की आय हैं। इस तरह के अनंतिम आदेश को जारी होने के 180 दिनों के भीतर उक्त कानून के न्यायाधिकरण की ओर से पुष्टि की जानी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार ईडी ने 2005 से लेकर 2025 तक पीएमएलए के प्रभावी होने के बाद से 1.55 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति अचैट की है, जिनमें से 1.07 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों की पुष्टि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक न्यायाधिकरण की ओर से की जा चुकी है, लेकिन कानूनी बाधाओं के कारण 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती अभी भी अटकी हुई है।

### 100 पीएमएलए अदालतें फिर भी मामलों में हो रही देरी

ईडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देशभर में 100 विशेष पीएमएलए अदालतें होने के बावजूद मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की सुनवाई समय पर पूरी नहीं हो पाती। इसमें व्यवस्थागत व प्रक्रियात्मक बाधाएं आ रही हैं। कई अदालतें अन्य कानूनों के तहत मामलों के बोझ से दबी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अक्सर अंतरिम आवेदन, रिट याचिका और जमानत के मामले दायर होने से मुकदमे बाधित होते हैं। इनमें से कुछ मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचते हैं, जिससे पीएमएलए के तहत मुकदमों की निरंतरता और शीघ्र निपटान प्रभावित होता है।

### ईडी की सजा दर 93 प्रतिशत

इस बीच बीते बृहस्पतिवार को 'ईडी दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने कहा कि एजेंसी की सजा दर 93.6 प्रतिशत है। क्योंकि अब तक अदालतों की ओर से तय किए गए 47 मामलों में से केवल तीन मामलों में ही आरोपी बरी हुआ है। एजेंसी प्रमुख ने कहा कि वह स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की गई कई जांचें बहुत लंबे समय से लंबित थीं, लेकिन इस साल हमारा ध्यान जांच पूरी करने और आखिरी आरोपपत्र तेजी से दाखिल करने के प्रयासों पर है।

## सर्वे: विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां 10 महीने के शीर्ष पर, नए ऑर्डर की रफ्तार 14 साल में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली (ए.)। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अप्रैल, 2025 में सुधरकर 10 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। इसमें नए ऑर्डर में मजबूत वृद्धि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पिछले महीने बढ़कर 58.2 पहुंच गया, जो जून, 2024 के बाद सबसे ज्यादा है। मार्च में विनिर्माण पीएमआई 58.1 रहा था। एचएसबीसी इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है। व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य और अमेरिकी शुल्क घोषणाओं के अनुकूल हो रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ रोजगार और खरीद गतिविधि में बड़ा उछाल देखने को मिला है।

### कंपनियों को उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

कीमतों के मोर्चे पर भंडारी ने कहा, भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग ने कंपनियों की मूल्य निर्धारण क्षमता को बढ़ावा दिया। इससे कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि के बावजूद बिक्री शुल्क अक्तूबर, 2013 के बाद सबसे अधिक बढ़ गया। भंडारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े बताते हैं कि विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों में आने वाले वर्ष में उत्पादन बढ़ने की संभावनाओं को लेकर धारणा मजबूत है। यह मांग में मजबूती की उम्मीदों से प्रेरित है।

## स्मार्टफोन बाजार में श्याओमी टॉप 5 से बाहर, एप्पल इंक पहुंची शीर्ष स्थान पर

मुंबई (ए.)। चीन की दिग्गज श्याओमी जो कभी भारतीय बाजार में प्रमुख कंपनी थी, 2016 की पहली तिमाही के बाद से पहली बार मूल्य हिस्सेदारी के लिहाज से शीर्ष 5 से बाहर हो गई है। दूसरी तरफ कुपर्टिनो मुख्यालय वाली ऐपल इंक दूसरी तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में स्मार्टफोन की थोक बिक्री में अब इसकी हिस्सेदारी एक-चौथाई (26 प्रतिशत) है। पिछले साल इसी अवधि में यह हिस्सेदारी 20 प्रतिशत थी। उसने अपनी सभी प्रमुख प्रतिस्पर्धियों - सैमसंग, वीवो, ओपो और श्याओमी को पछाड़ दिया है। इन ब्रांडों ने पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के दौरान दो-दो प्रतिशत अंक गंवाए, जो ऐपल इंक की कुल बढ़त है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में सैमसंग शीर्ष पर थी। उसके बाद ऐपल, फिर वीवो, ओपो और श्याओमी का स्थान था। शीर्ष 10 में केवल दो ब्रांड ही बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहे हैं।

## इनसाइडर ट्रेडिंग मामले में ओला इलेक्ट्रिक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

### जांच शुरू, ओला इलेक्ट्रिक से संबंधित पार्टी लेनदेन भी सेबी के रडार पर

नईदिल्ली (ए.)। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इनसाइडर ट्रेडिंग के मामले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि बाजार नियामक सेबी अक्टूबर और दिसंबर 2024 के बीच इनसाइडर ट्रेडिंग के दो मामलों में भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में उल्लिखित है कि ओला इलेक्ट्रिक द्वारा संबंधित पार्टी लेनदेन भी सेबी के रडार पर है। इस खबर के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर बिकवाली मोड में नजर आए। पिछले सप्ताह करीब 48 रुपये के स्तर पर शेयर एक फीसदी टूटकर गिरे। इसके अलावा ओला इलेक्ट्रिक को अपने कुछ स्टोरों के लिए व्यापार प्रमाणपत्रों के संबंध में चार राज्यों में नोटिस भी मिले और कंपनी ने बताया है कि उसे इसका जवाब देने की प्रक्रिया में है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र के अधिकारियों ने ओला को एक नोटिस भी भेजा है, जिसमें महाराष्ट्र में 100 से अधिक शोरूम को तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया था।

# आरबीआई ने चार बैंकों पर लगाया जुर्माना

## - नियामक अनुपालन में कमियों के लिए लगाया गया जुर्माना





मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि उसने नियामक अनुपालन में कमियों के लिए आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा सहित चार बैंकों पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) और क्रेडिट कार्ड तथा डेबिट कार्ड जारी करने से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक पर 97.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एक अन्य बयान में, आरबीआई ने कहा कि उसने बैंकों की वित्तीय सेवाओं और बैंकों में ग्राहक सेवा पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा पर 61.40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने कुछ अनुपालन खामियों के चलते आईडीबीआई बैंक लिमिटेड पर 31.8 लाख रुपए और बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 31.80 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरबीआई ने कहा कि सभी मामलों में जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों के चलते लगाया गया है और इसका बैंकों के अपने ग्राहकों के साथ किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता से कोई संबंध नहीं है।

## चीन की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका के टैरिफ का पड़ा असर

### - उत्पादन और तांबा भंडार घटा

नई दिल्ली (ए.)। चीन की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका के टैरिफ का पड़ा असर दिखने लगा है। वर्षों से जारी व्यापार युद्ध के बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ ने चीन की औद्योगिक गतिविधियों को प्रभावित किया है। चीन की औद्योगिक सेहत को मापने वाले पीएमआई अप्रैल 2025 में 49 पर आ गया है, जो मार्च में 50.5 था। यह संकेत देता है कि अमेरिकी टैरिफ चीन की अर्थव्यवस्था पर धारा है। चीन के तांबे के भंडार की कमी और नए संभावित टैरिफ के भय से उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि चीन का तांबा जून तक खत्म हो सकता है।

## दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ हैं जिम एंडरसन




नई दिल्ली (ए.)। दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी जिम एंडरसन को मिलती है। ऐपल सीईओ टिम कुक, टेस्ला के एलन मस्क और माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला को भी सैलरी मामले में जिम एंडरसन ने पछाड़ दिया है। वे अमेरिका की ऑप्टिकल मैटेरियल और सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनी कोहेरेंट कॉर्प की कमान संभालते हैं। साल 2024 में उन्हें 101।5 मिलियन डॉलर (लगभग 845 करोड़) रुपये वेतन के रूप में मिले। ईक्वीलर 100 सूची उन कंपनियों के सीईटो की सैलरी को दर्शाती है जिनकी वार्षिक आय 1 अरब डॉलर या उससे अधिक है। एंडरसन का वेतन लगभग पूरी तरह शेयर अवॉर्ड्स पर आधारित था। यह राशि 2024 में अमेरिकी कंपनियों के औसत वेतन 25। 6 मिलियन से चार गुना से भी ज्यादा है। जिम एंडरसन कोहेरेंट कॉर्प में आने से पहले लैटिस सेमीकंडक्टर के सीईओ थे। साल 2024 के मध्य में उन्होंने लैटिस से इस्तीफा दिया था। उनके इस्तीफे की खबर से लैटिस के शेयर 16 फीसदी गिर गए, जबकि कोहेरेंट के शेयरों में 23 फीसदी का जबरदस्त उछाल आया। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले सीईओ की सूची में दूसरे स्थान पर स्टारबक्स के ब्रायन निकोल रहे। उन्हें सितंबर 2024 में सीईओ बनने के बाद 95.8 मिलियन डॉलर का पैकेज मिला, जिसमें 90 फीसदी से अधिक हिस्सा लॉन्ग-टर्म इक्विटी अवॉर्ड्स का था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भारत की राष्ट्रीय शक्ति की परीक्षा

भारत इस नतीजे पर है कि पहलगाम हमले को पाकिस्तान के संरक्षण में अंजाम दिया गया। इसलिए इस रास्ते से पाकिस्तान को हटने पर मजबूर करने से पहले रुख नरम ना किया जाए। यह भारत की राष्ट्रीय शक्ति की परीक्षा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को सख्त पैगाम देने के कदम उठाए हैं। मगर उनका असर तभी होगा, जब उनके जरिए आर-पार का परिणाम हासिल किया जाए। तात्पर्य यह कि चूंकि भारतीय जांचकर्ता इस नतीजे पर हैं कि आतंकवादी हमले को पाकिस्तान के संरक्षण में अंजाम दिया गया, तो उचित यह होगा कि इस रास्ते से पाकिस्तान को हटने पर मजबूर करने से पहले रुख नरम ना किया जाए। इस रूप में यह भारत की राष्ट्रीय शक्ति एवं संकल्प की परीक्षा है। अतीत के अनुभवों से स्पष्ट है कि प्रतीकात्मक कार्रवाइयों से भारत विरोधी आतंकवादी ढांचा खत्म नहीं किया जा सका। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हमले के बावजूद यह ढांचा बरकरार रहा और हर कुछ अंतराल पर भारत का खून बहाता रहा है, तो अब जरूरत उससे आगे बढ़ने की है। ठोस परिणाम हासिल करने के लिए जरूरी होगा कि भारत अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के दबाव में ना आए। अब तक की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि अमेरिका ने फिलहाल इस मामले से खुद को अलग रखने का फैसला किया है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का यह कहना कि दोनों देश उनके करीबी हैं और वे 'इस मामले को खुद हल कर लेंगे', उनके प्रशासन की अंतरराष्ट्रीय विवादों में ना उलझने की नीति के अनुरूप है। अन्य हलकों से भी भारत को अधिक समर्थन मिलने की आशा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम संबंधी प्रस्ताव को अपने हक में नरम बनवा लेने में पाकिस्तान कामयाब रहा। इसमें उसे चीन का साथ मिला। मगर हैरतअंगेज यह है कि पश्चिमी देशों और रूस ने भी पाकिस्तान का नाम लेकर निंदा या भारत की जांच से सहयोग करने की बात को प्रस्ताव से हटाने का विरोध नहीं किया। ईरान, सऊदी अरब, और मिस्त्र मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, ताकि तनाव नियंत्रित हो सके। ये सारी बातें संकेत हैं कि भारत को अपनी राष्ट्रीय शक्ति पर ही भरोसा करना होगा। अच्छी बात है कि इस बारे में राष्ट्रीय राजनीति में पूरी आम सहमति दिखी है। इसलिए केंद्र को अब पाकिस्तान सामने राष्ट्रीय शक्ति के पूर्ण प्रदर्शन के लिए बेहिचक आगे बढ़ना चाहिए।



केंद्रीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक से पहले अंगोला गणराज्य के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको से मुलाकात की.

# राष्ट्रवाद की धारणा बिहार चुनाव को प्रभावित करेगी

**अजीत द्विवेदी**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली जनसभा बिहार में हुई, जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री की खूब आलोचना हो रही है और एक दुखद घटना का राजनीतिक इस्तेमाल करने के आरोप भी लग रहे हैं। इस सिलसिले में सवाल उठाने वाली एक लोक गायिका के ऊपर उत्तर प्रदेश में मुकदमा भी हो गया है। सवाल है कि क्या यह घटना और इसके तुरंत बाद बिहार की धरती से प्रधानमंत्री का आतंकवादियों को कल्पनातीत सजा देने के ऐलान का बिहार के चुनाव में भाजपा और एनडीए को लाभ होगा?

इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है लेकिन इतना तय है कि यह घटना चुनाव को कई तरह से प्रभावित करेगी। पहलगाम कांड और उस पर संभावित प्रतिक्रिया से राष्ट्रवाद और देशभक्ति की जो भावना पैदा होगी वह लोगों के मतदान व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। हो सकता है कि पुलवामा के बाद हुए लोकसभा चुनाव जैसी सुनामी नहीं आए फिर भी राष्ट्रवाद की धारणा चुनाव को प्रभावित करेगी। असल में बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा वैसे काम नहीं करता है, जैसे लोकसभा चुनाव में करता है।

विधानसभा चुनाव में धर्म या सांप्रदायिकता का एजेंडा विफल ही साबित होता है। भाजपा 2015 में इसे आजमा चुकी है। विधानसभा चुनाव में जाति का समीकरण ज्यादा कारगर होता है। तभी सवाल है कि धर्म या सांप्रदायिकता की तरह क्या राष्ट्रवाद का मुद्दा भी काम नहीं करेगा? क्या देशभक्ति का मुद्दा भी लोगों को एनडीए के पक्ष में एकजुट होने के लिए




मजबूर नहीं करेगा? यह बड़ा सवाल है। इस पर बिहार चुनाव का बहुत कुछ निर्भर करेगा।

प्रधानमंत्री की मधुबनी की 24 अप्रैल की जनसभा को इस नजरिए से देखने की जरुरत है। उन्होंने अपनी सभा में कोई हिंदू-मुस्लिम वाली बात नहीं कही। सबको पता है कि पहलगाम में आतंकवादियों ने लोगों से धर्म पूछ कर उनको गोली मारी। लोगों को कलमा पढ़ने को कहा गया और जो नहीं पढ़ पाया उसे गोली मार दी गई। लेकिन प्रधानमंत्री ने जान बूझकर इसका जिक्र नहीं किया। पता नहीं आगे क्या होगा? हो सकता है कि आगे धर्म के आधार पर हत्या का जिक्र किया जाए लेकिन पहली सभा में प्रधानमंत्री का भाषण राष्ट्रवाद और देशभक्ति पर केंद्रित रहा।

उन्होंने पहलगाम की घटना को देश की आत्मा पर हमला बताया और संकल्प किया कि घटना को अंजाम देने वालों को ऐसी सजा मिलेगी, जिसकी उन्होंने कल्पना नहीं की होगी। अब आने वाले दिनों में आतंकवादियों के खिलाफ और पाकिस्तान के खिलाफ जो भी कार्रवाई होगी उसका जिक्र बिहार के संदर्भ के बगैर नहीं होगा। यह कहा जाएगा और खासतौर से बिहार के लोगों को याद दिलाया जाएगा कि प्रधानमंत्री ने बिहार की धरती पर ही संकल्प किया था कि आतंकवाद को मिटा देंगे। यह अपने आप बिहार के लोगों में गर्व की भावना भरने वाली बात होगी। उनकी नसों राष्ट्रवाद का उफान भरने वाली होगी।इसके साथ धर्म का मामला स्वाभाविक रूप से जुड़ेगा। वह एक अंतर्धारा की तरह होगा। जितना प्रत्यक्ष अभी है उतना नहीं होगा। अभी खुल कर यह बात कही जा रही है कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर लोगों की हत्या की। इस आधार पर कहा जा रहा है कि अब यह धारणा टूट गई कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता है। आतंकवाद का धर्म होता है और वह हिंदू विरोधी है। गौरतलब है कि पहलगाम की घटना के तुरंत बाद राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' की ओर से सोशल मीडिया में पोस्ट डाली गई कि, 'उन्होंने धर्म पूछा जाति नहीं'।इसका मतलब है कि जाति नहीं धर्म पर ध्यान देने की जरुरत है। उधर बिहार में सभी पार्टियां अपना अपना जातिगत समीकरण बैठाने में लगी हैं। ऐसे में अचानक यह नैरेटिव बने कि जाति नहीं धर्म महत्वपूर्ण है और धर्म सिर्फ पहचान के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए सबसे अहम तत्व है, तो क्या होगा? जाति तोड़ने के लिए धर्म की इस अंतर्धारा के ऊपर राष्ट्वाद का मुलम्मा चढ़ा होगा, जो चुनाव को प्रभावित करेगा।

# मोदी के बदले के बयान में नेतन्याहू के मौजूद साक्षात उदाहरण

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री मोदी अंग्रेजी में बोले! वह भी बिहार की जनसभा में! कहा, 'हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी'। सवाल है पहलगाम की आंतकी घटना के दोषी कौन हैं? पुलिस ने जिन तीन आतंकवादियों के फोटो जारी किए हैं उनको खोजना, मारना, मिट्टी में मिलाने का काम वह सजा नहीं हो सकती है, जिस पर प्रधानमंत्री कहे कि उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

आतंकी तो मौत की तैयारी के निश्चय से ही बनता है। असल बाद आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने की है। और उसका हाल-फिलहाल ठोस उदाहरण इजराइल के नेतन्याहू देते हुए हैं। यहूदियों के साथ हमास के आतंकियों ने जो किया वह जगजाहिर है। उसके अधिक भयावह वारदात पहलगाम में मासूम पर्यटक हिंदुओं पर आतंकियों की बेरहमी थी। देश हिला और पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है।

भारत ने पहलगाम के दोषियों में सीधे तौर पर पाकिस्तान पर न केवल ऊंगली उठाई है, बल्कि उसके खिलाफ फैसले किए हैं। सो, दुनिया को साफ बता दिया कि पाकिस्तान दोषी है। स्वाभाविक है कि उसे वैसा ही सबक सीखना मोदी की कसम है, जैसे इजराइल के नेतन्याहू ने गाजा को मिट्टी में मिलाया है। आतंकियों के पैरोकार ईरान, लेबनान, यमन, सीरिया पर भी ढेरों मिसाइलें दागीं।

हां, इस हवाबाजी का जीरो अर्थ है कि सिंधु जल संधि स्थगित करने से पाकिस्तान प्यासा मर जाएगा। उसकी सेहत पर इसलिए असर नहीं होना है क्योंकि भारत ने पानी रोकने याकि उसके संग्रह के लिए बांध, बैराज नहीं बनाए हुए हैं। भारत ने तुरंत पाकिस्तान को लक्षित करके जो भी कदम उठाए है उससे पाकिस्तान पर असर नहीं होना है। उलटे भारत को भी आर्थिक नुकसान होगा।

असल बात प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से निकले ये वाक्य हैं कि, 'धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है'। इसका अर्थ है नेतन्याहू जैसी या उससे भी बड़ी बदले की कार्रवाई। आंतकवाद के खिलाफ जंग में पहले अमेरिका ने (9/11 के बाद) और हाल में दो वर्षों से इजराइल के नेतन्याहू ने प्रतिमान बनाया है। बुश और नेतन्याहू से भी ज्यादा भारी जुमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की जनसभा में कहा है।

क्या यह कहना बिहार के आगामी चुनाव में लोगों के वोट लेने के लिए है या सचमुच आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान को मिट्टी में मिला देने या उसे हैसियत दिखाने की कसम है? गीदड़भभकी है, थोथा चना बाजे घना है या नेतन्याहू की तरह सैनिक अभियान का बिगुल है?

गड़बड़ यह है कि बदला और खासकर देश की आन, बान शान से जुड़ी बदले की कार्रवाई का इरादा जनसभा में जाहिर नहीं होना चाहिए। हिसाब से भारत के लिए आदर्श स्थितियां हैं। दुनिया का कोई देश आज पाकिस्तान के साथ नहीं है। अमेरिका से चीन को जैसी परेशानी है उसमें वह भारत के खिलाफ नहीं जा सकता।पहलगाम की आतंकी घटना का बदला लेने की भारत की कार्रवाई में अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ, जापान आदि सभी देश भारत के साथ मौन रहेंगे। बावजूद इसके पाकिस्तान एटमी हथियारों से लैस तो है। दुनिया चिंता तो करेगी। हमास, लेबनान, ईरान आदि से बदला लेने की इजराइल की ग्राउंड रियलिटी में बहुत कुछ अलग है। जबकि पाकिस्तान का मसला अलग तरह का है।इसलिए लाख टके का सवाल है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है' का जुमला क्या हिसाब लगा कर बोला? क्या सेना भेजकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को लेने का लक्ष्य है ताकि वहां से ऑपरेट करने वाले आतंकियों का झंझट हमेशा के लिए खत्म हो? ऐसे ही नेतन्याहू ने सोच कर हमास के मददगार इलाकों पर सैनिक हमले किए। हाल में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को ले सरकार के कई मंत्रियों के बयान आए है। तो क्या पीओके पर कब्जे से भारत का बदला लेना पूरा होगा? कुल मिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के बदले के बयान में नेतन्याहू के मौजूद साक्षात उदाहरण से यह भारी सस्पेंस बना है कि कैसे भारत पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाता है!

# अंतत: देश में जाति जनगणना प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान?

**प्रियंका सौरभ**

भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए।

भारत को जातियों में बाँटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहचानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है — क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बाँटने की कवायद?

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया — 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) की गिनती होती रही, बाकी जातियाँ 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों? क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो?

बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भागदौड़ करेंगे। इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे काम में आपकी राय मांगेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आएगा। ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज किसी सामान की श्वरूछ पूरी हो जाएगी, नया सामान लेने का मन बनायेंगे। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के मौके बढ़ेंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होने वाला है। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बनेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। अपने रुके कार्य को पूरी मेहनत से आज पूरा कर लेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा, साथ ही बच्चों के साथ पिकनिक का प्रोग्राम बना सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे। आज बाहर के ऑयली खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। आज बिना किसी के मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

धनु राशि- आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे। आज बेटी के परीक्षा का अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपकी टेंशन कम होंगी। आपको किसी रिश्तेदार को दिया धन वापस मिल जायेगा। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करने में बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने न दें। आज आपकी कोशिशें कामयाब होंगी। आप पिता की जिम्मेदारियां निभाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज व्यापार में स्थिति अनुकूल बनी रहेगी। आपके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की तारीफ होगी, लोगों में सम्मान बढ़ेगा। अचानक धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आएगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। आज आपको आय के स्त्रोत मिलेंगे। आज बड़ों की सलाह मिलेगी, साथ ही आपका अच्छा संपर्क जुड़ेगा। आपको हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। दोस्तों से गिफ्ट मिल सकता है।

# वैदिक एवं पश्चिमी वैचारिकता में अंतर्द्वंद।

**संजीव ठाकुर,**

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलत: हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है,जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।



# संक्षिप्त समाचार

## मौसम का मिजाज बदलने की चेतावनी दी गई वैज्ञानिक ने कुछ कुछ स्थानों पर तेज अंधड़ के साथ वज्रपात होने की चेतावनी

रायपुर,(आरएनएस)। मौसम का मिजाज फिर से बदलने की चेतावनी विभाग ने दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका राजस्थान छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए जा रही है इससे कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा एवं गरज चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल चार मई को कई स्थानों पर हल्की वर्षा एवं वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। ज्ञात रहे गत दिवस तेज अंधड़ चलने के कारण कई स्थानों पर झाड़ गिर गये तथा फ्लैक्स उड़ गये हैं। विद्युत की आंखमिचौली के कारण आधी रात तक बिजली नहीं आई है जिससे लोग परेशान होते रहे। कई मोहल्लों में नल नहीं खुला है इसकी शिकायत महापौर एवं पार्षद तथा विधायकों से लोगों ने की है। राजधानी में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। नल शुरू होते ही बिजली बंद कर देने से लोग परेशान है इस समय यह कार्य कई वार्डों में शुरू कर दिया गया है अधिकारियों के अनुसार यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य में अन्य वार्डों में लागू किया जाएगा। महापौर ने इसका विरोध किया है लेकिन इसके बावजूद अधिकारी नहीं मान रहे हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान का कहर, मौसम विभाग ने फिर दी चेतावनी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली, एनसीआर और उत्तर भारत के कई इलाकों में शुक्रवार को आंधी-तूफान ने व्यापक तबाही मचाई। तेज हवाओं और गरज के साथ हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस भीषण तूफान में अब तक कई लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। राजधानी दिल्ली में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, बिजली के खंभे गिर गए और सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। इसके अलावा, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 200 से अधिक उड़ानें या तो रद्द की गईं या फिर घंटों देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, यह मौसम का बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण आया है, जिससे तेज़ हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनी हुई है। आज, 3 मई को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग ने चेतावनी दी है कि आज भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आगामी दिनों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है। 4 मई से 6 मई तक हर दिन तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, और इन दिनों भी थंडरस्टॉर्म विद रेन की चेतावनी दी गई है। 7 और 8 मई को भी बादल छाए रहेंगे और इस दिन भी बारिश होने की आशंका जताई गई है। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ दिन राहत के नहीं होंगे और जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान घर के अंदर रहें, पेड़ों और पुराने भवनों के पास खड़े न हों और मौसम से संबंधित अलर्ट पर ध्यान दें। जिला प्रशासन और यातायात पुलिस को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## मुझे सुसाइड बम दीजिए, मैं बांधकर पाकिस्तान जाऊंगा', पहलगाम तनाव के बीच कर्नाटक के मंत्री का बयान वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद देशभर में सुरक्षा की मांग तेज हो गई है। इसी बीच कर्नाटक के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री बी.जेड. जमीर खान ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि उन्हें पाकिस्तान में हमला करने के लिए सुसाइड बम मुहैया कराया जाए। जमीर खान ने कहा, हम हिन्दुस्तानी हैं और पाकिस्तान हमारा शत्रु रहा है। अगर पीएम मोदी तथा अमित शाह अनुमति दें तो मैं स्वयं सुसाइड बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला कर दूंगा। उन्होंने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए घटना को निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अमानवीय कृत्य बताया और सभी भारतीयों से ऐकजुट होने की अपील की। 22 अप्रैल को बैसरन मैदान में हुए हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने ली थी। इसमें 26 पर्यटक मारे गए थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सरकार तथा सुरक्षा एजेंसियों से कठोर कार्रवाई की मांग अब और तेज हो गई है।

## ड्राइवरों की मनमानी, एसईसीएल प्रबंधन और पुलिस के प्रयास को दिखा रहे हैं ठेंगा

कोरबा (आरएनएस)। कोलयंचल क्षेत्र कुसमुंडा में रोड़ सेल टेलर डाइवरों के मनमानी के कारण इमली छापर से भुट्टा चैक तक आये दिन सड़क पर जाम लग रहें हैं जिससे आम राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ड्राइवरों के द्वारा आये दिन मनमाने तरीके से सड़क मे वाहनों को गलत साईड से निकलना या खड़ा कर देना आम बात हो गई है और जिसके कारण सड़क में जाम की स्थिति बन रही है जाम की समस्या को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन और कुसमुंडा पुलिस के संयुक्त प्रयास से सड़क पर क्रांक्रीट वाल बेरीकेडिंग लगाया गया था ताकी भारी वाहनों की मनमानी पर लगाम लग सके लेकिन वह भी असफल दिखाई पड़ रहा है। सड़क पर जाम की समस्या को देखते हुए कुसमुंडा पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही करने हिदायत दी गई थी और एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन के द्वारा रोड सेल के वाहनों को ब्लैक लिस्ट करनी की बात कही गई थी फिर भी वाहन चालकों की मनमानी बदस्तूर जारी हैं और सड़क पर जहाँ मर्जी वाहनों को मनमाने ढंग से खड़ा कर रहे हैं अब देखने वाली बात है की मनमाने ढंग से खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर क्या कुसमुंडा पुलिस कार्यवाही करती है और एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ऐसे वाहनों को ब्लैक लिस्टेड करेगी।

## स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की मदद कर रहा', शिरगांव हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख

नई दिल्ली (आरएनएस)। गोवा के शिरगांव में लैराई देवी जात्रा के दौरान मची भगदड़ में 5 से ज्यादा लोगों की मौत और 30 से अधिक लोगों के घायल होने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी कर लिखा,गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने एक्स पोस्ट में लिखा, आज सुबह शिरगांव के लैराई जात्रा में हुई दुखद भगदड़ से मैं बहुत दुखी हूं। मैं घायलों से मिलने अस्पताल गया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने दिखाया शक्ति का त्रिशूल



नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी परिचालन तत्परता बढ़ा दी है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। नौसेना के युद्धपोत हाई अलर्ट पर हैं और खतरों को रोकने के लिए कई जहाज-रोधी और वायु रक्षा अभ्यास किए हैं। भारतीय तटरक्षक बल भी पाकिस्तान के साथ समुद्री सीमा की निगरानी के लिए नौसेना के साथ मिलकर काम कर रहा है। मिसाइल परीक्षण ऐसे समय में किए गए हैं, जब ऐसी खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तानी नौसेना इसी क्षेत्र में इसी तरह की फायरिंग की योजना बना रही है। बढ़ी हुई गतिविधि से पता चलता है कि भारत समुद्री प्रतिक्रिया विकल्प तैयार कर रहा है।

एक बार फिर अपनी समुद्री शक्ति का प्रदर्शन करते हुए, भारतीय नौसेना ने शनिवार को समुद्र में तैनात अपने शक्तिशाली फ्रिगेट की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें एक सतही जहाज, एक पनडुब्बी और एक हेलीकॉप्टर है। इन तीनों को नौसेना शक्ति का त्रिशूल बताते हुए, एक्स पर पोस्ट में विध्वंसक आईएनएस कोलकाता, एक स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी और ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) शामिल थे। नौसेना ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, नौसेना शक्ति का त्रिशूल - ऊपर, नीचे और लहरों के पार, जो पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच तेज़ी से वायरल हो गया। यह तस्वीर 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच जारी की गई थी, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी तत्वों को जिम्मेदार ठहराया है और जवाब में कई कड़े उपायों की घोषणा की है, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी भूमि सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया मन की बात संबोधन में देश को आश्वस्त किया कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, इस हमले के अपराधियों और साजिशकर्ताओं को कड़ी से कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है। 27 अप्रैल को, नौसेना ने कई एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग के सफल समापन की घोषणा की, जिससे लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमलों के लिए इसकी क्षमता की पुष्टि हुई। एक बयान में, नौसेना ने कहा कि उसके युद्धपोतों ने प्लेटफार्मों, प्रणालियों और कर्मियों की तत्परता को प्रदर्शित करने और उसे फिर से मान्य करने के लिए अभ्यास किया। बयान में कहा गया है, ये सफल फायरिंग लंबी दूरी के सटीक आक्रामक अभियानों के लिए भारतीय नौसेना की तैयारियों को उजागर करती हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के मंत्री आशीष सूद दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान विभिन्न स्कूलों के अभिभावकों के साथ बातचीत करते हुए।

## सीमा हैदर की पाकिस्तान वापसी की मांग तेज, जिस वकील ने दिया था साथ वही बोले- 'भेजो पाकिस्तान'

नोएडा(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से अवैध तरीके से भारत आई सीमा हैदर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस हमले और भारत सरकार के पाकिस्तान के प्रति बदले हुए सख्त रुख के बाद सीमा हैदर को वापस उनके देश भेजने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। हैरान करने वाली बात यह है कि अब खुद सीमा हैदर के पूर्व वकील हेमंत पाराशर ने भी उन्हें वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर दी है।सीमा हैदर और सचिन मीणा की जमानत कराने वाले वकील हेमंत पाराशर ने एक मीडिया बातचीत में कहा कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है और सीमा हैदर उसी दुश्मन देश की नागरिक है, जो अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुई है। ऐसे में उन्हें तुरंत डिपोर्ट किया जाना चाहिए।

# मुंबई में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है : रेल मंत्री वैष्णव



नई दिल्ली (ए.)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई के बीकेसी में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। वैष्णव ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में निर्माणाधीन भूमिगत स्टेशन का दौरा किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की। रेल मंत्री के साथ नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों के साथ ही मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे के प्रतिनिधि भी थे। एनएचएसआरसीएल 500 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। वैष्णव ने कहा कि सबसे निचले 'बी3 बेसमेंट लेवल' का काम पूरा हो चुका है। रेल मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''बीकेसी में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम बहुत तेजी से चल रहा है। स्टेशन की दीवार का काम शुरू हो चुका है और साथ ही सुरंग का काम भी बहुत तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि सुरंग वाले हिस्से (शील फाटा) से आगे, भूमि अधिग्रहण के बाद महाराष्ट्र खंड में सभी निर्माण कार्य तेज गति से जारी हैं। मंत्री ने कहा कि बीकेसी स्टेशन पर एक बहुमंजिला संरचना की योजना बनाई गई है।

## बिहार के मुख्यमंत्री ने राजगीर में खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया

पटना (ए.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नालंदा जिले के राजगीर में एक विश्वविद्यालय में नवनिर्मित खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया और खेलो इंडिया युवा खेलों 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी कम खेल विश्वविद्यालय में नयी सुविधाओं में इनडोर बास्केटबॉल, हैंडबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट शामिल हैं। फिर मुख्यमंत्री ने पहले से तैयार बास्केटबॉल, हैंडबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट और हॉकी अभ्यास टर्फ का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, उन्होंने वहां खिलाड़ियों से बातचीत भी की।

## केदारनाथ में पहले दिन 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



केदारनाथ(आरएनएस)। श्री केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद पहले ही दिन (शुक्रवार को) दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन रिकॉर्ड 30,154 तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 7 बजे तक 19,196 पुरुष, 10,597 महिलाएं और 361 बच्चों सहित कुल 30,154 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ धाम में भक्तों का तांता लग गया। 'हर हर महादेव' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहित समाज, स्थानीय व्यापारियों और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं।

# अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, दिल्ली कैबिनेट ने स्कूल फीस एक्ट को दी मंजूरी



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली कैबिनेट द्वारा सभी निजी स्कूलों की फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए स्कूल फीस एक्ट को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस एक्ट के जरिए सभी 1677 स्कूलों की फीस पारदर्शी तरीके से नियंत्रित की जाएगी। पिछली सरकारों के कार्यकाल में लगातार फीस में बढ़ोतरी होती रही है। पहली बार किसी सरकार ने यह एक्ट बनाया है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब दिल्ली सरकार इतनी व्यवस्थित हो जाएगी कि लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर हो जाएंगे। हम जल्द ही सदन बुलाकर एक्ट पर मुहर लगाकर इसे दिल्ली की जनता को सौंप देंगे। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आप सरकार से अलग हमारी सरकार ने उन रास्तों को बंद कर दिया है, जिनके ज़रिए बच्चों को लूट का माध्यम बनाया जाता था। पिछली सरकार भी ऐसा कर सकती थी, लेकिन अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने छात्रों पर दबाव बनाकर स्कूलों द्वारा वसूली गई रकम का अंडर टेबल सेटलमेंट किया। उन्होंने कहा कि 27 सालों तक हर साल फीस में लगातार बढ़ोतरी होती रही। हमारी सरकार ने डीएम कमेटी भेजी, जिसके बाद कोर्ट ने पहली बार डीपीएस को फटकार लगाई। हमारा एकमात्र उद्देश्य है कि छात्रों का मानसिक उत्पीड़न बंद हो। दिल्ली विधानसभा में पेश और पारित होने के बाद, अधिनियम कानून बन जाएगा और निजी स्कूलों की फीस संरचनाओं पर सख्त नियम लागू करेगा। अभी तक दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा फीस निर्धारित करने या बढ़ाने के तरीके को विनियमित करने के लिए कोई कानून नहीं था।

## मिर्जापुर में दो रिश्तेदारों के बीच झगड़े के कारण एक व्यक्ति की मौत



मिर्जापुर (ए.)। जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र के एक गांव में दो रिश्तेदारों के बीच झगड़ा होने के बाद एक ने दूसरे के सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात गांव अग्रजा पाण्डेयपुर पहाड़ी में दो सगे साढ़ू के बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) नितेश सिह ने बताया कि आरोपी की पहचान महुआरी कलां के निवासी सुभाष मुसहर (32) जबकि मृतक की शिनाख्त मिर्जापुर जनपद के रहने वाले राजीव मुसहर (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल राजीव को अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जो डर गया वो मर गया...फारुक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की वापस लौटने की अपील

नई दिल्ली (ए.)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बड़े पैमाने पर वापसी का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति आतंकवादियों के मुंह पर जोरदार तमाचा होगी और यह क्षेत्र की दृढ़ता का प्रमाण होगी। पहलगाम में एक शोक सभा में डॉ. अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की और प्रतिकूल परिस्थितियों में लोगों की एकता की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वालों का जिक्र करते हुए कहा, लोगों की एकता और दृढ़ता के कारण उनके चेहरे काले पड़ जाएंगे। फारूक अब्दुल्ला ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर के लोग डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम डरने वाले नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर हमारा है और हम इस खूबसूरत भूमि को संजोकर रखेंगे और उसका निर्माण करेंगे जो अल्लाह ने हमें दी है। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य हैं। ज़्यादा से ज़्यादा पर्यटकों को यहाँ आना चाहिए। उन्हें डरना नहीं चाहिए। जो डर गया वो मर गया। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे पहलगाम, गुलमर्ग, श्रीनगर और कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए ज़रूर आएँ। हम आतंकवाद से थक चुके हैं। आतंकवाद को खत्म करना ज़रूरी है और इसके लिए प्रधानमंत्री जो भी कदम उठाएँगे, हम उनके साथ हैं और उसका इंतज़ार कर रहे हैं।

## नाभि ढकी रहेगी तो लड़की सुरक्षित रहेंगी; महिला पहनावे और सुरक्षा को लेकर कथावाचक की अजीब सलाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजस्थान के जयपुर स्थित विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने ऐसा बयान दे डाला, जिसने सुनने वालों के होश उड़ा दिए। उन्होंने लड़कियों और महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए अपने पहनावे पर ध्यान देने की सलाह दी है। प्रदीप मिश्रा ने तुलसी के पौधे की जड़ का उदाहरण देते हुए कहा, जैसे तुलसी की जड़ दिखे तो वह सूख जाती है, वैसे ही लड़कियों की नाभि भी शरीर की जड़ है, इसे ढंककर रखना चाहिए। जितना ढंका रहेगा, उतनी सुरक्षा बनी रहेगी। इतना ही नहीं, उन्होंने अपराधों के बढ़ने का ठीकरा पहनावे पर फोड़ते हुए कहा, आज के समय में क्राइम इसलिए बढ़ रहे हैं क्योंकि पहनावा बिगड़ गया है। सरकार या पुलिस कुछ नहीं कर सकती, संस्कार ही क्राइम रोक सकते हैं। प्रदीप मिश्रा ने चंचला देवी की कहानी सुनाते हुए महिलाओं को 'सभ्य पहनावे' की नसीहत दी।

# पाकिस्तान को एक और झटका, भारते ने डाक और पार्सल सेवा किया बंद



नई दिल्ली (ए.)। भारत ने शनिवार को पाकिस्तान के साथ हवाई और सतही मार्गों के माध्यम से सभी प्रकार के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने 26 लोगों को मार डाला था। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत सरकार ने हवाई और सतही मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान से आने वाले सभी प्रकार के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने का फैसला किया है। इससे पहले भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई। इस निर्णय से पाकिस्तान से भारत में माल की सभी आवक पूरी तरह से रुक जाएगी। भारत का पाकिस्तान को पिछले साल अप्रैल से इस साल जनवरी तक निर्यात 44.76 करोड़ डॉलर था, जबकि आयात मात्र 4.2 लाख डॉलर था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने दो मई को एक अधिसूचना में कहा कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके तहत अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान में बने या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जाएगी। इसमें कहा गया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। आदेश में कहा गया कि इस प्रतिबंध के किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में अंतर-राज्य बस टर्मिनल (आईएसबीटी) से चारधाम यात्रा 2025 के लिए एक बस को हरी झंडी दिखाई।

# पीएम मोदी से मिले जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला, पहलगाम हमले के बाद यह पहली मुलाकात



श्रीनगर (ए.)। जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक है जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर बैठक करीब 30 मिनट तक चली। आतंकी हमले के बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के जवाब में कई उपायों की घोषणा की। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करना और उच्चायोगों के कर्मचारियों की संख्या कम करना शामिल है। भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए सभी प्रकार के वीजा रद्द कर दिए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया। भारत ने पाकिस्तानी एयरलाइनों द्वारा संचालित उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र भी बंद कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी तरह के व्यापार को निलंबित करने की घोषणा की, जिसमें पाकिस्तान के माध्यम से किसी तीसरे देश के साथ व्यापार भी शामिल है और भारतीय एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया। पाकिस्तानी सेना लगातार आठवें दिन भी सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है, जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर छोटे हथियारों से गोलीबारी कर रही है।

# समीरा रेड्डी ने शेयर किया अपना पहला अनुभव

## >>> अवॉर्ड शो से पहले कैसे डर के मारे रो पड़ी थीं



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री समीरा रेड्डी अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी के पहलुओं को बेझिझक साझा करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने करियर की शुरुआत के दिनों से जुड़ा एक भावनात्मक किस्सा इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि एक अवॉर्ड शो में हिस्सा लेने से पहले वे इतनी घबराई हुई थीं कि रो पड़ी थीं। समीरा ने एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे किसी अवॉर्ड शो में स्टेज पर अवॉर्ड लेते हुए नजर आ रही हैं। उस समय वह इंडस्ट्री में नई थीं और आत्मविश्वास की कमी के चलते खुद को बेहद असहज महसूस कर रही थीं। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसा लग रहा था जैसे वे इस माहौल में फिट नहीं बैठतीं और वहां मौजूद अन्य लोग उनसे कहीं अधिक बड़े और प्रभावशाली हैं।

वीडियो के साथ शेयर किए गए कैप्शन में समीरा लिखती हैं, मुझे याद है जब मैं उस अवॉर्ड शो में स्टेज पर खड़ी थी, तो खुद पर बिल्कुल भरोसा नहीं था। मैं सोचती थी कि मुझमें कुछ भी खास नहीं है। शो में जाने से पहले मैं घर पर रो रही थी और इतना डर गई थी कि मैंने अपनी बड़ी बहन सुषमा से कहा कि वो मेरे साथ चलें, क्योंकि मुझे फिल्म इंडस्ट्री में कोई खास जान-पहचान नहीं थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस डर और अकेलेपन से निकलने में उन्हें कई साल लग गए। समीरा लिखती हैं, अब जब पीछे देखती हूं, तो गर्व होता है कि मैंने कितना लंबा सफर तय किया है। आज मैं अपने शरीर, दिल और आत्मा के साथ सहज हूं। मुझे खुशी है कि मुझे अब वैसे ही स्वीकार किया जा रहा है जैसी मैं हूं। यह वास्तव में एक आशीर्वाद है। समीरा रेड्डी की इस ईमानदार पोस्ट पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। उनकी यह कहानी न केवल संघर्ष की झलक दिखाती है, बल्कि आत्म-संवेदनशीलता और आत्म-स्वीकृति की दिशा में बढ़ते कदमों की प्रेरणा भी देती है।

## कृति सेनन की मां चाहती थीं इस उम्र में हो जाए बेटी की शादी, वायरल वीडियो में हुआ खुलासा



इन दिनों अभिनेत्री कृति सेनन चर्चा में हैं। उनकी लव लाइफ को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कृति सेनन और उनकी मां का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सेनन की मां गीता सेनन ने यह माना है कि वह अपनी बेटी की शादी को लेकर चिंता में रहती थीं। गीता चाहती थीं कि कृति सेनन की शादी 23 या 24 साल में हो जाए।

### कृति की मां चाहती थीं जल्दी शादी हो

कृति सेनन की मां से जब पूछा गया कि क्या आप कृति सेनन की शादी को लेकर चिंतित हैं? तो गीता ने कहा 'हां, मैं उससे अकसर कहा करती थी कि वह 23 साल की उम्र में शादी कर ले। मैं सोचा करती थी कि मैंने देर में शादी की। देखो जब नूपुर पैदा हुई होगी तो मैं 30 साल के आस-पास रही होंगी। तो मैं सोचती हूं कि 23- 24 साल की उम्र शादी की सही उम्र है।' वायरल वीडियो एक फैन पेज का है। हम इस वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं।

### कृति सेनन के रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड

बहरहाल, अफवाहें हैं कि कृति सेनन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। हालांकि, न तो कृति सेनन ने और न ही कबीर बहिया ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ कहा है। वह अकसर विदेश में छुट्टियां मनाने के लिए जाया करते हैं। इसलिए अफवाहों का बाजार गर्म रहता है। अफवाहें यह भी हैं कि दोनों 2025 में शादी करने वाले हैं। न्यूज 18 ने अपनी एक खबर में लिखा है कि कृति सेनन के करीबियों ने इस बात से इंकार किया है।

### इस साल व्यस्त हैं कृति

इस साल की शुरुआत में इंडिया टुडे ने एक सूत्र के हवाले से बताया था 'इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और अगले कुछ महीनों के लिए आनंद एल राय की फिल्म की शूटिंग पर पूरी तरह से ध्यान दे रही हैं।

## भूतनी डायन और चुड़ैल बनकर खूब डराया बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों ने




मुंबई (ए.)। संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी और सनी सिंह की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अभिनेत्री मौनी रॉय ने चुड़ैल की भूमिका निभाई है, जिसमें उनका डरावना अंदाज दर्शकों को खूब प्रभावित कर रहा है। यह पहली बार नहीं है जब मौनी किसी भूतिया किरदार में नजर आई हैं। इससे पहले 'ब्रह्मास्त्र' में भी वह खलनायिका के रूप में दिख चुकी हैं। निर्देशक सिद्धांत सचदेव की इस फिल्म में मौनी का किरदार 'मोहब्बत' नाम की डायन का है, जिसका पोस्टर सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुका था। फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट ने किया है।

बॉलीवुड में चुड़ैल या आत्मा जैसे किरदारों को लेकर दर्शकों की दिलचस्पी हमेशा रही है। 'द भूतनी' से पहले इसी साल अप्रैल में अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई 'छोरी 2' में सोहा अली खान ने डरावनी चुड़ैल का किरदार निभाया था। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नुसरत भरुचा, गश्मीर महाजनी और सौरभ गोयल भी मुख्य भूमिकाओं में थे। साल 2021 में आई 'रूही' में जान्हवी कपूर ने भी एक लड़की और चुड़ैल के दोहरे किरदार निभाकर दर्शकों को चौंका दिया था।

हॉरर-कॉमेडी की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक 'भूल भुलैया' में विद्या बालन का 'मंजुलिका' वाला किरदार आज भी लोगों को याद है। खासतौर पर उनका मेरे ढोलना सुन... गाने पर डांस करते हुए लाल आंखों और बिखरे बालों के साथ डरावना रूप दर्शकों को सिहरन दे गया था। इसके बाद आई 'भूल भुलैया 2' और '3' में तब्बू ने डबल रोल में भूतिया किरदार निभाया और कियारा आडवाणी व तृप्ति डिमरी भी फिल्म का हिस्सा रहीं।

## धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की शादी के 45 साल पूरे, बेटी ईशा देओल ने दी खास शुभकामनाएं



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और अभिनेत्री हेमा मालिनी की शादी को 45 साल पूरे हो गए हैं। इस खास मौके पर उनकी बड़ी बेटी ईशा देओल ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर अपने माता-पिता को सालगिरह की शुभकामनाएं दीं। धर्मेंद्र और हेमा की प्रेम कहानी भी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं रही। ईशा ने इंस्टाग्राम पर धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की दो तस्वीरें साझा कीं, जिनमें से एक में दोनों एक-दूसरे को प्यार भरी नजरों से देखते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में हेमा ने धर्मेंद्र के चेहरे पर स्नेह से हाथ रखा हुआ है, वहीं धर्मेंद्र उनकी आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर एक पारिवारिक फोटो है, जिसमें ईशा, हेमा, धर्मेंद्र और छोटी बहन अहाना साथ में दिखाई दे रहे हैं।

इन तस्वीरों के साथ ईशा ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी एनिवर्सरी मम्मा और पापा। आप मेरी दुनिया हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं। इस पोस्ट पर फैंस ने भी खूब प्यार लुटाया और दोनों को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दीं। किसी ने उन्हें सदाबहार जोड़ा कहा, तो किसी ने हमारे मिस्टर और मिसेज देओल लिखकर प्रेम और सम्मान जताया। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की पहली मुलाकात 1970 में फिल्म तुम हसीन मैं जवां के सेट पर हुई थी। साथ में काम करते-करते दोनों के बीच नज़दीकियां बढ़ीं। हालांकि उस समय धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे और उनकी पत्नी प्रकाश कौर ने तलाक देने से इनकार कर दिया था। इसके बावजूद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया और धर्मेंद्र ने इस्लाम धर्म अपनाकर 1980 में हेमा मालिनी से विवाह कर लिया।

शादी के बाद दोनों को दो बेटियां हुईं ईशा और अहाना। दोनों ही बेटियां शास्त्रीय नृत्य में पारंगत हैं और मां हेमा मालिनी के साथ मंच पर कई प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। धर्मेंद्र और हेमा की जोड़ी आज भी प्रशंसकों के लिए आदर्श मानी जाती है, और उनकी प्रेम कहानी समय की कसौटी पर खरी उतरती रही है।

# माला बेचने वाली मोनालिसा बन गई मॉडल, अब पहचानना भी मुश्किल

## -वायरल वीडियो में लाल रंग के शादी के जोड़े में सजी-धजी आई नजर

प्रयागराज,(ए.)। महाकुंभ 2025 से सोशल मीडिया सेंसेशन बनी मोनालिसा भोसले अब बदली नजर आ रही है। नीली आंखों और साधारण वेशभूषा में नजर आने वाली मोनालिसा आजकल अपने ग्लैमरस अवतार को लेकर चर्चा में हैं। महाकुंभ के बाद मोनालिसा को कई इवेंट्स और मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स में देखा गया, लेकिन हाल ही में वायरल हुआ उनका नया वीडियो ने सभी का ध्यान खींचा है, जिसमें उन्हें पहचान पाना भी मुश्किल है।

यह ताजा वीडियो मेकअप आर्टिस्ट मोहसिना अंसारी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें वह मोनालिसा को एक प्रोफेशनल ब्राइडल और फैशन लुक दे रही हैं। वीडियो में मोनालिसा लाल रंग के शादी के जोड़े में सजी-धजी नजर आ रही हैं, जिसमें उन्होंने ग्रीन ज्वेलरी और क्लासिक हेयरबन के साथ अपना लुक पूरा किया। उनका ब्राइडल मेकअप और एक्सप्रेशंस सोशल मीडिया यूजर्स को खासा पसंद आ रहे है। इसके अलावा मोनालिसा के कुछ और वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें उन्हें मॉडर्न और वेस्टर्न लुक में देखा जा सकता है।

एक वीडियो में मोनालिसा ब्लैक ड्रेस पहनी है जिसमें वह बेहद स्टाइलिश नजर आ रही है, तो वहीं एक और वीडियो में वह सफेद ड्रेस के साथ मैचिंग ज्वेलरी और वेवी हेयर



स्टाइल में दिख रही हैं।

दोनों ही लुक में उन्होंने हेवी मेकअप के साथ ग्लैमरस अंदाज अपनाया है, जिसे देखकर फैंस हैरान हैं कि यह वही मोनालिसा है जो कुछ समय पहले तक साधारण वेशभूषा में रुद्राक्ष की माला बेचती नजर आई थीं। मोनालिसा के इस ट्रांसफॉर्मेशन को लोग काफी पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। मोनालिसा बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं और उन्होंने कुछ म्यूजिक वीडियो और फिल्मी प्रोजेक्ट्स के लिए काम भी शुरू कर दिया है। उनके इस सफर की शुरुआत को लेकर उनके फैंस उत्साहित हैं और उन्हें नए रुप और पहचान में देखने को उत्सुक हैं।

# गर्मियों के दौरान महिलाएं इस तरह से करें आंखों का मेकअप, नहीं होगा खराब



गर्मियों में मेकअप करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर जब बात आंखों के मेकअप की हो। पसीने और उमस के कारण आईलाइनर और मस्कारा अक्सर फैल जाते हैं और आंखों का मेकअप बिगड़ जाता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स और तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर महिलाएं गर्मियों के दौरान भी बेहतरीन आई मेकअप कर सकती हैं और उनकी आंखों का मेकअप पूरे दिन सही बना रहेगा। आइए इनके बारे में जानते हैं।

### प्राइमर का करें इस्तेमाल

आंखों का प्राइमर लगाना बहुत जरूरी है क्योंकि यह आईशैडो और आईलाइनर को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है।प्राइमर आंखों की त्वचा को समतल बनाता है और एक बेस तैयार करता है, जिससे आईशैडो आसानी से लग सके।

इसके अलावा यह पसीने और नमी से भी बचाता है। प्राइमर लगाने से आपका आई मेकअप पूरे दिन सही बना रहता है और आपको बार-बार ठीक करने की जरूरत नहीं पड़ती।

### हल्के रंगों का करें चयन

गर्मियों में हल्के रंगों का आईशैडो चुनना सबसे अच्छा होता है।हल्के गुलाबी, नीला या हरा जैसे रंग आपकी आंखों पर बहुत अच्छे लगते हैं और उन्हें ताजगी भरा लुक देते हैं।

इन रंगों से आपकी आंखें चमकदार दिखेंगी और चेहरे पर एक निखार आएगा। हल्के रंगों का चयन करने से आपका आई मेकअप भी कम भारी लगेगा और आप पूरे दिन आरामदायक महसूस करेंगी।इसके अलावा ये रंग गर्मियों की उमस को भी कम दिखाते हैं।पानी से बचाने वाले आईलाइनर और मस्कारा लगाएंपानी से बचाने वाले आईलाइनर और मस्कारा आपके आई मेकअप को पसीने और नमी से बचाते हैं।ये लंबे समय तक टिके रहते हैं और फैलते नहीं। पानी से बचाने वाले आईलाइनर का इस्तेमाल करने से आपकी आंखें पूरे दिन एकदम सही दिखती हैं।इसी तरह पानी से बचाने वाला मस्कारा आपकी पलकों को भी गीलेपन से बचाता है और उन्हें झड़ने से रोकता है।इस प्रकार ये दोनों उत्पाद आई मेकअप को लंबे समय तक सही बनाए रखते हैं।

### हल्का ब्लश लगाएं

आंखों का मेकअप पूरा करने के लिए हल्का ब्लश लगाना न भूलें। यह आपके चेहरे को ताजगी भरा लुक देगा और आपकी आंखों का मेकअप भी अच्छा दिखेगा।

आप हल्का गुलाबी या पीच रंग का ब्लश चुन सकती हैं, जो गर्मियों के मौसम के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इससे आपका चेहरा निखरा हुआ लगेगा और आपको पूरे दिन आरामदायक महसूस होगा।

इस प्रकार हल्का ब्लश लगाने से आपका पूरा लुक और भी आकर्षक और ताजगी भरा दिखेगा।

### सेटिंग स्प्रे का करें इस्तेमाल

आंखों का मेकअप सेट करने के लिए सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। यह आपके आई मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करेगा और उसे खराब होने से रोकेगा।सेटिंग स्प्रे लगाने से आपका आई मेकअप तरोताजा दिखेगा और आपको बार-बार ठीक करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इस प्रकार इन सरल टिप्स और तरीकों को अपनाकर महिलाएं गर्मियों के दौरान भी बेहतरीन आई मेकअप कर सकती हैं।

# अधोमुखासनः हर दिन करें ये योगासन, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिलेंगे कई लाभ

अधोमुखासन एक ऐसा योगासन है, जो शरीर को स्थिरता का पाठ पढ़ाता है। यह आसन न केवल शारीरिक संतुलन को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।इसके नियमित अभ्यास से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक शांति मिलती है।आइए इस आसन को सही तरीके से करने का तरीका और इसके फायदे जानते हैं।

### अधोमुखासन करने का तरीका

सबसे पहले जमीन पर पैरों को फैलाकर बैठ जाएं।अब दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें और माथे को भी जमीन पर टिका दें।इस स्थिति में शरीर का भार सिर और हथेलियों पर डालकर पीठ को ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान पैरों को सीधा रखें और एड़ियों को जमीन से सटाने की कोशिश करें। कुछ देर इसी अवस्था में बने रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

### अभ्यास के दौरान बरतें ये सावधानियां

अगर आपको गर्दन, पीठ या कंधे में कोई परेशानी है तो इस आसन को न करें।

गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए।ज्यादा रक्तचाप, सिरदर्द, पेट की समस्या या दिल की बीमारी वाले लोगों को भी इस आसन से बचना चाहिए।अगर आप किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं तो इस आसन का



अभ्यास डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें।अभ्यास के दौरान शरीर को अधिक न खींचे और जल्दबाजी भी न करें।

### अधोमुखासन के नियमित अभ्यास से मिलने वाले फायदे

अधोमुखासन से रीढ़ की हड्डी, कूल्हे और कंधों में खिंचाव आता है। यह आसन शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।अधोमुखासन से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक शांति मिलती है।यह आसन पाचन क्रिया को भी सुधारता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर का संतुलन बेहतर होता है।अधोमुखासन से रक्त संचार भी बेहतर होता है। यह आसन तनाव से राहत दिलाने में भी सहायक है।

### अधोमुखासन के अभ्यास से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

अधोमुखासन करते समय सांसों पर ध्यान दें और गहरी सांस लें।

अगर आप इस स्थिति में लंबे समय तक नहीं रह पा रहे हैं तो धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

दिन में दो बार अधोमुखासन का अभ्यास करें ताकि इसके फायदे मिल सकें।

इस आसन को करते समय शरीर में किसी प्रकार का दर्द महसूस होने पर इसे करना बंद कर दें और डॉक्टर से संपर्क करें।

# गुजरात ने हैदराबाद को हराकर दूसरे स्थान पर किया कब्जा, गिल और बटलर ने लगाए शानदार अर्धशतक

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2025 के 51वें मैच में 38 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ गुजरात ने 10 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक लेकर प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया है. वहीं हैदराबाद की टीम आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से लगभग बाहर हो गई है. एसआरएच 10 मैच के बाद 7 हार के बाद 6 अंकों के साथ 9वें स्थान पर मौजूद हैं।

इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीत और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 224 रन बनाए. हैदराबाद जीत के लिए मिले 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 186 रन ही बना पाई और 38 रनों से मैच हार गई।

गुजरात से जीत के लिए मिले 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन अभिषेक शर्मा ने बनाए. उन्होंने 41 बॉल में 4 चौके और 6 छक्कों के साथ 74 रनों की पारी खेली. ट्रेविस हेड ने 20 और हेनरिक क्लासेन ने 23 रनों का योगदान दिया. ईशान किशन सिर्फ 13 रन बना पाए. इसके बाद कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और टीम हार गई. गुजरात के लिए मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट चटकाए जबकि इशांत शर्मा और गेराल्ड कोएट्जी को 1-1 विकेट मिला।

इससे पहले गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और जोस बटलर ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली. गिल ने 38 बॉल में 10 चौके और 3 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली. बटलर ने 34 बॉल में 3 चौके और 4 छक्कों के साथ 64 रनों की पारी खेली. इन दोनों के अलावा साई सुदर्शन ने भी 23 बॉल में 48 रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 9 चौके लगाए. उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने 16 बॉल में 21 रनों का योगदान दिया. हैदराबाद के लिए जयदेव उनादकट ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए. पैट कमिंस और जीशान अंसारी ने 1-1 विकेट चटकाया।

## साई सुदर्शन ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड, टी20 क्रिकेट में किया ये खास कारनामा

अहमदाबाद(ए)। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुजरात के लिए खेलते हुए एक खास उपलब्धि हासिल की है. बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 32 रन पार करते ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इस उपलब्धि तक पहुंचकर वो 2000 टी20 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए. सबसे कम पारियों में 2000 टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शॉन मार्श सबसे ऊपर हैं. उन्होंने महज 53 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है. सुदर्शन ने 54 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और सबसे तेज 2000 टी20 रन बनाने का सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया.बता दें कि, 2011 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले तेंदुलकर ने 2011 में 59 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी. पिछले साल 23 वर्षीय सुदर्शन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अपनी 32वीं पारी में इस प्रारूप में 1000 रन बनाए थे. सुदर्शन देवदत्त पडिक्कल (25), रोहन कदम (27) और तेंदुलकर (31) के बाद ऐसा करने वाले तीसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बन गए. तमिलनाडु के बल्लेबाज 1000 आईपीएल रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज भी बन गए थे, उन्होंने महज 25 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है।

## *टीम इंडिया द्विपक्षीय सीरीज के लिए नहीं जाएगी बांग्लादेश?*

*-पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंडराए खतरे के बादल*

*नई दिल्ली,(ए.)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम तीन वनडे और 3 टी20 मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा वाली है लेकिन अब इस सीरीज पर खतरे के काले बादल मंडराते हुए नजर आ रहे हैं. भारतीय टीम के इस सीरीज के लिए बांग्लादेश जाने की संभावना नहीं है।*

*भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के बीच तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट टीम के द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश जाने की संभावना नहीं है. इस सीरीज के मैच ढाका में शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम और चटगांव में बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान स्टेडियम खेले जाने वाले थे.पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक सेवानिवृत्त बांग्लादेशी मेजर जनरल की टिप्पणी के कारण भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है. रिपोर्टों के अनुसार, एएलएम फजलुर रहमान ने सुझाव दिया कि अगर बांग्लादेश पहलगाम आतंकी हमले के बदले में पाकिस्तान पर हमला करता है तो उसे भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों पर आक्रमण कर कब्जा कर लेना चाहिए. इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी.नेशनल इंडिपेंडेंट कमीशन के अध्यक्ष रहमान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बंगाली में लिखा, अगर भारत पाकिस्तान पर हमला करता है तो बांग्लादेश को पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों पर कब्जा करना होगा. इस संबंध में मुझे लगता है कि चीन के साथ संयुक्त सैन्य व्यवस्था पर चर्चा शुरू करना जरूरी है. एशिया कप 2025 भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज के समापन के बाद सितंबर में निर्धारित है. हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद इसके शेड्यूल को लेकर अनिश्चितता है क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध वर्तमान में आदर्श स्थिति में नहीं हैं।*

## नेमार का सैंटोस क्लब से कॉन्ट्रैक्ट अगले फीफा विश्व कप तक बढ़ाने की योजना

रियो डी जेनेरियो (ए)। ब्राजील के स्टार फुटबॉल नेमार का सैंटोस क्लब के साथ कॉन्ट्रैक्ट अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, हालांकि वह वर्तमान में चोटों से जूझ रहे हैं। सैंटोस क्लब के प्रेसिडेंट मार्सेलो टक्सेइरा ने इस बारे में जानकारी दी। नेमार, जिन्होंने इस साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में वापसी की थी, पहले यूरोप और सऊदी अरब में खेल चुके हैं। उन्होंने सैंटोस के साथ छह महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। मार्सेलो टक्सेइरा ने कहा कि क्लब तकनीकी रूप से यह देख रहा है कि नेमार की रिकवरी को कैसे तेज किया जाए और उन्हें अगले विश्व कप तक टीम में बनाए रखने के लिए उनके कॉन्ट्रैक्ट को कैसे बढ़ाया जा सकता है। टक्सेइरा ने यह भी बताया कि क्लब ने नेमार की चोट को ध्यान में रखते हुए पूरी टीम और व्यवस्थाएं उन्हें पूरी तरह से ठीक होने के लिए उपलब्ध कराई हैं। वह अपने पुराने क्लब में वापस लौटकर खुश हैं, क्योंकि यह उनका घर है। नेमार पिछले साल अक्टूबर में घुटने की गंभीर चोट से उबरने के बाद से पैर की



मांसपेशियों की समस्याओं से परेशान रहे हैं। उन्होंने सैंटोस के लिए अब तक सिर्फ 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 3 गोल किए और 3 असिस्ट दिए हैं। क्लब ने उन्हें पूरी सहायता देने का वादा किया है ताकि वह जल्द से जल्द फिट हो सकें। सैंटोस इस समय ब्राजील की सीरी ए लीग में 19वें स्थान पर है और उसने छह मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल किए हैं। हाल ही में क्लब ने पूर्व राष्ट्रीय सहायक कोच क्लेबर जेवियर को नया कोच नियुक्त किया है। जेवियर ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नेमार अब मिडफील्ड में खेलेंगे और उनके खेलने की शैली में बदलाव किया जाएगा।

## जोस बटलर ने आईपीएल में रचा इतिहास, धोनी और वॉर्नर को छोड़ा पिछे

अहमदाबाद,(ए)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर ने अपने शानदार आईपीएल करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है. वो अब टूर्नामेंट के इतिहास में 4000 रन तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने ये उपलब्धि 2 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में हासिल की. बटलर ने मैच में 37 गेंदों में शानदार 67 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे.मैच से पहले बटलर को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सिर्फ 12 रनों की जरूरत थी, और जैसे ही उन्होंने 12 रन पुरे किए वैसे ही वो गेंदों का सामना करने के मामले में 4000 आईपीएल रन तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए. उनसे ऊपर केवल दो दिग्गज - क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स से हैं. इन दोनों ने 2658 गेंदों में ये उपलब्धि हासिल की जबकि बटलर ने 2677 गेंदों में ये कारनामा अंजाम दिया. इस कारनामे के साथ ही बटलर ने सूर्यकुमार यादव, डेविड वॉर्नर, सुरेश रैना और एमएस धोना को पीछे छोड़ दिया है।

# वैभव सूर्यवंशी को लेकर भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल की चेतावनी

नई दिल्ली (ए.)। महज 14 साल की उम्र में वैभव सूर्यवंशी ने जो करिश्मा कर दिखाया है, वह भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक अद्वितीय अध्याय बन गया है। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलते हुए वैभव ने केवल 35 गेंदों में शतक जड़कर सबको चौंका दिया। यह प्रदर्शन उन्हें आईपीएल में सबसे तेज़ शतक लगाने वाला भारतीय बल्लेबाज़ बना गया है और ओवरऑल सूची में वह दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उनके इस अद्वितीय प्रदर्शन के बाद हर ओर उनकी चर्चा हो रही है। क्रिकेट विशेषज्ञ, फैंस, फ्रेंचाइज़ी और मीडिया सभी उनके टैलेंट की तारीफ कर रहे हैं, लेकिन इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने एक अहम चेतावनी दी है।

ग्रेग चैपल का मानना है कि वैभव सूर्यवंशी जैसे असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी को केवल प्रदर्शन के आधार पर नहीं, बल्कि एक मज़बूत सपोर्ट सिस्टम के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने इस विषय में सचिन तेंदुलकर का उदाहरण देते हुए कहा कि सचिन को किशोरावस्था में ही जो सफलता मिली, उसके पीछे न केवल प्रतिभा थी, बल्कि उनके पास एक सुलझा हुआ पारिवारिक माहौल, अनुभवी कोच और अनुशासित सोच भी थी, जिसने उन्हें क्रिकेट के सर्कस से बचाया। वहीं, उन्होंने विनोद कांबली और पृथ्वी शॉ की



असफलताओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये दोनों भी कम प्रतिभाशाली नहीं थे, लेकिन उनका करियर सचिन जैसा नहीं बन सका।

चैपल ने कहा कि विनोद कांबली के पास अपार प्रतिभा थी, लेकिन अनुशासन और स्थिरता की कमी के चलते वे क्रिकेट की दुनिया में ज्यादा देर टिक नहीं सके। वे शराब की लत और निजी समस्याओं में उलझते गए और उनका करियर ढलान पर चला गया। वहीं पृथ्वी शॉ, जिन्होंने बेहद कम उम्र में भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताया था और डेब्यू टेस्ट में शतक भी जड़ा था, वे भी अनुशासन और फिटनेस जैसे मुद्दों के कारण टीम इंडिया से बाहर हो चुके हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार तक नहीं मिला। उनके नेतृत्व में खेलने वाले शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह आज टीम इंडिया में अहम भूमिका निभा रहे हैं, जबकि शॉ पिछड़ते जा रहे हैं। ग्रेग चैपल ने यह भी कहा कि सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों की मार्केटिंग करने से पहले उनकी प्रतिभा को सुरक्षित और विकसित करने की ज़रूरत है। बीसीसीआई, आईपीएल फ्रेंचाइज़ी, मेंटोर और मीडिया सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे टैलेंट को केवल प्रचार का हिस्सा न बनाएं, बल्कि उन्हें मानसिक, शारीरिक और पेशेवर तौर पर तैयार करें। उन्होंने लिखा कि प्रतिभा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उसे गाइड और संरक्षित जरूर किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि हम उसे 'हीरो' बनाने की जल्दबाज़ी में उसका करियर न बिगाड़ें। वैभव सूर्यवंशी का भविष्य उज्ज्वल दिखता है, लेकिन चैपल की यह सलाह भारतीय क्रिकेट के लिए समय पर चेतावनी भी है कि प्रतिभा की रक्षा होनी चाहिए, न कि उसका केवल दोहन।

# विदेश समाचार

## कैलिफोर्निया के कॉलेज में अज्ञात ने की फायरिंग, 2 महिलाएं घायल




इंगलवुड,(ए)। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के एक कॉलेज में अचानक फायरिंग होने लगी। गोली 2 महिलाओं को लगी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक ही हालत काफी गंभीर है। इंगलवुड के मेयर के मुताबिक यह घटना शुक्रवार शाम की है। स्पार्टन कॉलेज ऑफ एयरोनॉटिक्स एंड टेक्नोलॉजी परिसर में अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। घटना में 2 महिलाओं को गोली लगी। गोलीबारी किसने चलाई? इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। प्रशासन को यकीन नहीं हो रहा है कि आरोपी कॉलेज में ही कहीं छिपा है। पुलिस ने कॉलेज के सभी कमरों की जांच की। लेकिन अभी तक आरोपी का पता नहीं चला है। बता दें यह फायरिंग कॉलेज के ऑफिस में हुई। ऐसे में पुलिस को शक है कि इसके पीछे किसी कर्मचारी का हाथ हो सकता है। यह कार्यस्थल पर हिंसा की घटना है। घायल महिलाएं भी कॉलेज की कर्मचारी हैं। ऐसे में मुमकिन है कि किसी पूर्व कर्मचारी ने इस घटना को अंजाम दिया हो। फायर विभाग ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि गोली लगने के कारण दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक महिला की हालत बेहतर है, लेकिन दूसरी की हालत गंभीर है। बता दें स्पार्टन कॉलेज ऑफ एयरोनॉटिक्स एंड टेक्नोलॉजी की पूरे अमेरिका में कई शाखाएं हैं। कॉलेज की इंगलवुड स्थित शाखा में 500 के आसपास बच्चे पढ़ते हैं। कॉलेज की वेबसाइट के मुताबिक यह कॉलेज विमानन रखरखाव प्रौद्योगिकी पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट से इस संस्थान की दूरी महज 1.5 किलोमीटर है।

## कैलिफोर्निया के कॉलेज में अज्ञात ने की फायरिंग, 2 महिलाएं घायल

इंगलवुड, (ए)। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के एक कॉलेज में अचानक फायरिंग होने लगी। गोली 2 महिलाओं को लगी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक ही हालत काफी गंभीर है। इंगलवुड के मेयर के मुताबिक यह घटना शुक्रवार शाम की है। स्पार्टन कॉलेज ऑफ एयरोनॉटिक्स एंड टेक्नोलॉजी परिसर में अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। घटना में 2 महिलाओं को गोली लगी। गोलीबारी किसने चलाई? इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। प्रशासन को यकीन नहीं हो रहा है कि आरोपी कॉलेज में ही कहीं छिपा है। पुलिस ने कॉलेज के सभी कमरों की जांच की। लेकिन अभी तक आरोपी का पता नहीं चला है।बता दें यह फायरिंग कॉलेज के ऑफिस में हुई।

## 21 हजार फिट पर पायलट को दिखी उड़न तश्तरी, भारी भरकम विमान पृथ्वी पर आया



वॉशिंगटन (ए)। अमेरिका में एक यूएफओ यानी अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट की तस्वीर सामने आने से सनसनी मच गई। दावा किया जा रहा है कि दूसरे ग्रह से यह 1000 फुट का विमान पृथ्वी पर आया। यह अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के ऊपर देखा गया। तस्वीर को यूएफओ डिस्क्लोजर एक्टिविस्ट्स द्वारा वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक साइंस, नेशनल सिक्योरिटी एंड इनोवेशन नामक पैनल डिस्कशन के दौरान पेश किया गया। तस्वीर में देखा जा सकता है कि इस उड़न तश्तरी के आकार की दिखने वाली चीज की बड़ी सी परछाई जमीन पर नजर आ रही है। यह यूएफओ असली था या नकली। इस बारे में कोई नहीं जानता। ना ही किसी को यह स्पष्ट तौर पर पता है कि यह दूसरे ग्रह की किसी उड़न तश्तरी की तस्वीर है भी या नहीं। हालांकि इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म जरूर हो गया है। इस तस्वीर को पूर्व पेंटागन अधिकारी और विवादित यूएफओ रिसर्चर लुइस ल्यू एलिजोंडो ने पेश किया। उन्होंने कहा कि यह तस्वीर आज की नहीं बल्कि चार साल पहले यानी 2021 की है, जिसे एक कमर्शियल पायलेट द्वारा लिया गया है।

जब फ्लाइट करीब 21,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ रही थी, तभी नीचे की तरफ यह यूएफओ उड़ रहा था। तस्वीर में एक चमकीला, सिल्वर रंग का डिस्कनुमा वस्तु दिखाई दी, जिसकी परछाई जमीन पर भी नजर आई। एलिजोंडो ने कहा कि उन्होंने स्वयं यह तस्वीर नहीं ली है। लिहाजा वो खुद इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सकते।

## सिंधु नदी का पानी रोकने पर पाकिस्तान की गीदड़भभकी, रक्षा मंत्री बोले- डैम बनाया तो नष्ट कर देंगे

इस्लामाबाद (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार गहराता जा रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कड़े कदमों, जिनमें सिंधु जल संधि (स्रोत के अनुसार) या सिंधु नदी के पानी को लेकर अपनाया गया सख्त रुख भी शामिल है, से पाकिस्तान में खलबली मच गई है। भारत सरकार द्वारा कथित तौर पर सिंधु नदी का एक भी बूंद पानी पाकिस्तान न भेजने के फैसले (स्रोत के अनुसार संधि को रोकने के कदम) ने पड़ोसी देश को बौखला दिया है, जिसके बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत को सीधी धमकी दी है।



पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू के दौरान बेहद भड़काऊ बयान देते हुए कहा कि पाकिस्तान को दिए जाने वाले सिंधु नदी के पानी को रोकना 'आक्रामकता' माना जाएगा। जब मंत्री से यह पूछा गया कि यदि भारत सिंधु बेसिन पर कोई बांध बनाकर पानी रोकने की तैयारी करता है, तो पाकिस्तान की क्या प्रतिक्रिया होगी, इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा, यह पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामकता होगी। हमला सिर्फ तोपों और गोलियों से ही नहीं होता, पानी को रोकना या मोड़ना भी पाकिस्तान पर हमला ही है। उन्होंने आगे धमकी देते हुए कहा, अगर उन्होंने (भारत ने) इस तरह का कोई प्रयास किया, तो पाकिस्तान उस स्ट्रक्चर को नष्ट कर देगा।

गौरतलब है कि यह बढ़ा हुआ तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पैदा हुआ है, जिसमें लश्कर ए तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (TRF) के आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस हमले के बाद से ही दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आई है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। बड़ी संख्या में पाकिस्तान से संचालित होने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा, शनिवार से भारत ने पाकिस्तान के लिए सभी डाक और पार्सल सेवाओं को भी पूरी तरह से रोक दिया है।

## जेल में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का हुआ रेप!, मेडिकल रिपोर्ट हुई वायरल

इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर सोशल मीडिया पर खबर खूब वायरल हो रही है। इसमें दावा किया गया है कि जेल में बंद इमरान खान यौन शोषण का शिकार हुए है। टविटर (एक्स) पर पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट डॉन की एक खबर को साझा किया जा रहा है। ट्विटर पर मेडिकल रिपोर्ट भी शेयर की गई है। एक एक्स हैंडल ने लिखा है,इमरान खान के साथ पाकिस्तानी सेना के मेजर ने बलात्कार किया है। पाकिस्तान के कैदियों में पुरुषों के खिलाफ यौन हिंसा काफी आम है। वे ऐसा व्यक्ति के गौरव और गरिमा को छीनने के लिए करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मार्च महीने में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट आने के बाद पाकिस्तानी डॉक्टरों की एक टीम ने उनका मेडिकल चेक-अप करने के लिए अदियाला जेल का दौरा किया था। डॉन ने बताया था कि चेकअप 30 मिनट तक चला। रिपोर्ट तुरंत जारी नहीं की गई थी इमरान खान की पार्टी पीटीआई के एक अन्य नेता ने दावा किया था कि खान को उनकी बहनों या अन्य रिश्तेदारों से मिलने की भी अनुमति नहीं दी जा रही है।

# भारत की एक और डिजिटल स्ट्राइक, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का यूट्यूब चैनल ब्लॉक

इस्लामाबाद, (ए)। भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को ब्लॉक कर दिया। शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया। शहबाज शरीफ के ब्लॉक किए गए प्रोफाइल में लिखा है, राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट फिलहाल इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की तरफ से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट देखें।

भारत सरकार इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर चुकी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली गलत सूचनाओं और भारत विरोधी दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल



मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है, जो भारत की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था को कमजोर करने के उद्देश्य से भ्रामक सामग्री प्रसारित करते हैं। ये कार्रवाई हमले के बाद गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। ब्लॉक किए गए प्रमुख यूट्यूब चैनलों में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार आरजू काजमी और कमेंटेटर सैयद मुज्जमिल शाह के चैनल शामिल हैं। ओलंपियन अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के यूट्यूब अकाउंट भी सस्पेंड किए गए हैं। 30 अप्रैल को, प्रमुख पाकिस्तानी अभिनेत्रियों हनिया आमिर और माहिरा खान के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को ब्लॉक कर दिया गया। बता दें, आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'लश्कर-ए-तैयबा' से जुड़े 'टीआरएफ' ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं।

# जनता की दिक्कतें सुलझाईं, मिली मुख्यमंत्री की बधाई

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री ने की सीहोर सहित अन्य जिलों की सराहना



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की सुविधा के लिए प्रारंभ किए गए प्लेटफार्म निरंतर उपयोगी रहें इसके लिए इनके संचालन और प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों का सजग सक्रिय रहना आवश्यक है। सीएम हेल्पलाइन एक ऐसा माध्यम है, जिससे नागरिकों की लंबित समस्याओं का समाधान संभव होता है। इसे प्रभावी बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के समाधान ऑनलाइन प्रकरणों तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीहोर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, डीएफओ मगन सिंह डावर, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

समाधान ऑनलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीहोर जिले के ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री रवि चौहान को बधाई देते हुए उनकी सराहना की। सहायक यंत्री रवि चौहान सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण प्रदेश में 98.57 वेटेज स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि प्रथम स्थान पर जबलपुर के नगरीय एवं आवास विकास विभाग के उपयंत्री मनोज पटेल प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे हैं।

### दो यंत्रियों को मिली मुख्यमंत्री की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जबलपुर के नगरीय विकास और आवास विभाग के उपयंत्री मनोज पटेल को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए बधाई दी। इसी तरह सीहोर जिले में पदस्थ ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री रवि चौहान को सीएम हेल्पलाइन के 98.57 प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की बधाई मिली।

विभागों में ऊर्जा और जिलों में रायसेन, सीहोर, कटनी, सागर, सिंगरौली की हुई प्रशंसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उनके निराकरण के लिए किए गए कार्य में प्रथम आए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। प्रदेश के जिन जिलों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है, उनमें रायसेन, सीहोर, कटनी, सागर और सिंगरौली के नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन जिलों के कलेक्टर्स और उनकी टीम को श्रेष्ठ कार्य की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

### जबलपुर में लैंड रिकार्ड के नवाचार की प्रशंसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे गुरूवार को जबलपुर में राजस्व अभिलेखागार के शुभारंभ में गए थे, जहां बरसों पुराने लैंड रिकार्ड को प्लास्टिक बैग में सुरक्षित करने, उनकी हार्डकॉपी और सॉफ्ट कॉपी की व्यवस्था करने का कार्य किया गया है। समस्त रिकार्ड का लोकेशन निर्धारित कर यह जानने की ऑनलाईन व्यवस्था की गई है कि दस्तावेज किस जगह संधारित किया गया है। यह नवाचार प्रशंसनीय है और अन्य जिलों के लिए प्रेरणा का कारण भी बन सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना को इस नवाचार की जानकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों को प्रदान की।

# आज भगवान परशुराम चल समारोह में शंख घड़ियाल के निकलेगी भव्य शोभा यात्रा



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ भगवान परशुराम की जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हर साल की तरह इस साल भी विप्र समाज के द्वारा जुलूस के दौरान शंख, डमरू और घडियाल बजाया जाएगा। समारोह के दौरान मातृशक्ति आगे रहेगी और उसके पश्चात पुरुष पीछे-पीछे चलेंगे। चल समारोह को भव्यता देने के लिए शनिवार को शहर के खजांची लाइन में समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा युवा अध्यक्ष रजत व्यास आदि के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर तय किया गया कि शोभा यात्रा में आगे-आगे घोडे, परशुराम अखाड़ा दल, आर्केस्टा, नागपुर के डोल के अलावा झांकी आदि रहेंगी। शोभा यात्रा को भव्यता देने के लिए नागपुर के डोल, नरसिंहगढ़ के बैंड बाजे सहित अनेक झांकियां सजाई जाएगी। यात्रा के दौरान दो दर्जन से अधिक कथा वाचक और साधु संतों को भी आमंत्रित किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर गत दिनों खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की गई थी, अब रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा महिला मंडल के ओर से कलश पूजन, थाली सजावट सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। जो शहर के खजांची लाइन सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रात 8 बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के ओर से सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए लाल रंग की साड़ी रहेगी। अपील करने वालों में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित सुदीप व्यास, महिला संगठन अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष महेश दुबे, संयोजक चंद्रकिशोर शर्मा, विनय भटेले, युवा संगठन अध्यक्ष रजत व्यास, महामंत्री रमांकान्त समाधिया, महिला संगठन चल समारोह अध्यक्ष प्रतीक्षा शर्मा, युवा महिला संगठन अध्यक्ष बरखा शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील दुबे-रुपेश तिवारी आदि शामिल है।

भगवान परशुराम का रुप धारण करेंगे बच्चे

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार के दौरान दो हजार से अधिक साफे धारण कर युवा और समाजजन शामिल रहेंगे, वहीं बच्चों को भगवान परशुराम का रुप धारण कराया जाएगा, इन बच्चों को मंच से पुरस्कार भी दिया जाएगा।

# फायर फाइटर टैंकर से लैस ट्रेक्टर चलाकर विधायक सुदेश राय ने सरपंचों को दिया जनता सेवा का संदेश

## आग बुझाने और पानी परिवहन करने में सक्षम हुई पंचायतें भीषण गर्मी में जल संकट से मिलेगी हजारों ग्रामीणों को राहत

सीहोर (निप्र)। भाजपा के झंडों के साथ फायर फाइटर टैंकर से लैस ट्रेक्टर चलाकर शनिवार को विधायक सुदेश राय ने सरपंचों को ग्रामीणजनों की फसलों की सुरक्षा और पानी सहित अन्य सभी सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। विधायक सुदेश राय ने भीषण गर्मी में जल संकट की समस्या से जूझ रही विधानसभा क्षेत्र की दस पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान कर दी।भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की विशेष उपस्थित में विधायक सुदेश राय ने अपनी विशेष निधि से विधानसभा क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों को फायर फाइटर टैंकरों और छह ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकरों का वितरण किया। विधायक कार्यालय परिसर में आयोजित टैंकर वितरण कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा



मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित पार्षद सरपंच पंच और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन ग्राम पंचायतों को मिले टैंकर

विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से जनपद पंचायत सीहोर की ग्राम पंचायत श्यामपुर,दोराहा,अहमदपुर,और चरनाल को वाटर क्षमता 5500 लीटर के फायर फिटिंग पम्प के साथ टेंकर प्रदान किए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत निवारिया,ग्राम पंचायत रावनखेडा,ग्राम पंचायत दुरगांव,ग्राम पंचायत करंजखेडा,ग्राम पंचायत रसूलपुरा,ग्राम पंचायत बरखेडा खरेट को वाटर क्षमता 5500 लीटर के टेंकर प्रदान किए।

**पंचायतों में खराबों रूपये के निर्माण**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में खराबों रूपये के निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों में हो रहे है। ग्रामीणों और सरपंचों की मांग को ध्यान में रखते हुए भीषण गर्मी में उत्पन्न हुए जल संकट से निपटने के लिए लगभग सभी ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर उपलब्ध कराए गए है इसी श्रेणी में चार ग्राम पंचायतों को जरूरी यंत्रों के साथ फायर फाइटर टैंकर प्रदान किए है और छह ग्राम पंचायतों को पानी के साधारण टैंकर प्रदान किए गए है आगे भी विकास का क्रम इसी प्रकार जारी रहेगा।

## गेंहू के अवैध परिवहन एवं विक्रय को रोकने के संबंध में निर्देश जारी

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले में किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए उपार्जित गेहूं पर 175 रूपये प्रति क्विंटल के बोनस सहित कुल 2600 रूपये प्रति क्विंटल के मान से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 05 मई है। शासन द्वारा उपार्जन के अंतिम दिवसों में प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में अन्य राज्यों से बिचौलियों एवं अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा अवैधानिक रूप से गेहूं का परिवहन कर उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय से रोकने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित केन्द्रों पर गेहूं की आवक खरीदी की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कराई जाए एवं नोडल अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड अनुसार ही समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जित किया जाए। सीमावर्ती जिलों की सीमा पर चेक पोस्ट लगाई जाए जिसमें पुलिस, कृषि उपज मंडी, राजस्व एवं खाद्य विभाग के अमले की ड्यूटी लगाकर अन्य राज्यों से गेहूं लेकर आने वाले वाहनों की जांच कराई जाए। इसके साथ ही जिले में विचौलियों तथा अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा भण्डारित गेहूं की जांच कराई जाए।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन प्रारंभ

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए 31 मई 2025 तक एमपीटास पोर्टल खोला गया है। इसके लिए सभी पात्र विद्यार्थी 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराएं। ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

## लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के तहत संविदा स्टॉफ के साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित

सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की लीगल एंड डिफेंस काउंसिल स्कीम के तहत जिला न्यायालय सीहोर के लिए संविदा के आधार पर स्टॉफ के लिए योग्य पाये गये अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि संविदा के आधार पर कार्यालय सहायक का साक्षात्कार 07 मई 2025 को आयोजित किया गया है। इसी प्रकार रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर का साक्षात्कार 08 मई को तथा कार्यालय भृत्य का साक्षात्कार 09 मई को सीहोर जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में आयोजित किए गए हैं। साक्षात्कार के लिए सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों में दोपहर 01 बजे तक आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए सीहोर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क किया जा सकता है।

## जेल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में किया गया 248 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

सीहोर (निप्र)। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार सीहोर स्थित जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों द्वारा जेल के कुल 248 महिला एवं पुरूष बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ की चिकित्सीय परामर्श एवं निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर के दौरान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्न श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा बहुत की पुण्य का कार्य है। किसी व्यक्ति के लिए पहला सुख निरोगी काया है और इसी उद्देश्य से यह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है, सभी अपनी सेहत का ध्यान रखे, नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में प्ली बारगेनिंग एवं विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही विधिक परामर्श प्रदान किया गया तथा विधिक सहायता के लिए इच्छुक बंदियों की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, डॉ आरके वर्मा, जेल उप अधीक्षक श्रीमती ज्योति तिवारी सहित अन्य अधिकारी, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेन्टियर्स, जिला चिकित्सालय से डॉक्टर एवं अन्य चिकित्सीय स्टॉफ उपस्थित थे।

## सीहोर के खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दिखायेगें अपना दम



सीहोर(निप्र)। सीहोर से नेपाल अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में अपना जोर आजमाने जा रहे निन्जा फ्यूजन मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी जो अपने कोच दीपांशु देसावरी के साथ नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेगें और सीहोर का नाम देश स्तर पर रोशन करने के लिए अपनी पुरी मेहनत और ताकत के साथ अपना जोर दिखाएंगे। निन्जा फ्यूजन मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी अपने कोच दीपांशु सर के साथ जिनिशा भारती, राजश्री, इशिका, रिषिका, वैष्णवी, भूमि, वंश, यश, युवराज, प्रियंका, रूद्र व नवीश चंदेल इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# सोमवार को किया जाएगा भगवान शिव का केसर से अभिषेक

सीहोर (निप्र)। शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सुबह भगवान शिव का अभिषेक के अलावा हवन-पूजन और आरती का आयोजन किया गया। अब सोमवार को महोत्सव के अंतर्गत केसर से अभिषेक किया जाएगा। यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों के द्वारा मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और राम चरित्र मानस के पाठ के अलावा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। पंडित श्री व्यास ने बताया कि भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा की जाए तो सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है और सभी मनोकामना पूरी होती है. शिव सदा अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं. भगवान विष्णु का अतिप्रिय वैशाख माह भगवान शिव की पूजा के लिए भी विशेष माना गया है। माना जाता है कि इस महीने में भगवान शिव की पूजा करने



से वह जल्द खुश होकर अपने भक्तों को मनचाहा वर देते है।

वैसे तो शिव पूजा सावन और कार्तिक महीने के सोमवार को करना भी विशेष माना गया है लेकिन वैशाख माह के सोमवार में भगवान शिव को प्रसन्न करना काफी आसान माना जाता है। इस माह में भगवान शिव के ऊपर जलधारा की स्थापना करके उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है। इसके साथ ही विशेष तरह की परेशानियों में भी इस माह में अलग-अलग पूजन विधि की मदद से छुटकारा पाया जा सकता है। समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए वैशाख माह में ब्रम्हांड के प्रतीक शिवलिंग पर पानी का कलश या घड़ा स्थापित करना चाहिए, मान्यता है कि ऐसा करने से जिस तरह घड़े से बूंद-बूंद पानी शिवलिंग पर गिरता है, उस हर बूंद के साथ जीवन की समस्याएं भी पानी की तरह बहकर दूर होती जाती हैं।

# एक तरफा मुकाबले में सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 4-0 से हराया

## अराफत ने किए शानदार दो गोल



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में खेले गए एक तरफा मुकाबले में सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 4-0 से हराया। इसमें अराफत ने दो गोल किए। एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए, इस मैच में सीहोर बाइज की टीम 4-0 से विजय रही। इसमें बाइज की ओर से अराफत ने दो गोल, युवराज आदित्य ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मैच सीहोर गर्ल्स और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर क्लब ने 3-1 से जीत दर्ज की। इसमें सीहोर क्लब की ओर से ध्रुव ने दो-आयुष्मान ने एक गोल किया। सीहोर गर्ल्स की ओर से सोनाक्षी ने एक गोल किया था। रविवार को सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर क्लब के मध्य खेला जाएगा।

# पूर्व सीएम शिवराज चौहान करेंगे सीहोर नगर पालिका परिषद के 56 करोड़ों के विकास कार्य का भूमि पूजन

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक, नपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद पहुंचे भोपाल

सीहोर (निप्र)। शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए विगत ढाई साल के कार्यकाल में करीब 150 करोड़ के विकास कार्य करने वाली नगर पालिका के समस्त पार्षदों ने आगामी दिनों में 56 करोड़ रुपए के विकास कार्य के भूमि पूजन के लिए राजधानी भोपाल पहुंचकर पूर्व सीएम और भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट कर आमंत्रण देकर नगर के विकास कार्य को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्षद और अनेक भाजपा नेता एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे। 56 करोड़ रुपए के विकास कार्य में सीवेज, डामरीकरण कायाकल्प योजना से नगर की सड़के, स्विमिंग पूल, जीम और खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम के कार्य आदि शामिल है।



इस मौके पर पूर्व सीएम श्री चौहान ने यहां पर आए सभी पार्षदों और भाजपा नेताओं से चर्चा करते हुए कहाकि क्षेत्र के विकास के लिए हर समय में आपके साथ हूं। भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के लिए बराबर योजनाएं चलाईं। पार्टी सबका साथ, सबका विकास मूल मंत्र पर काम करती है। उन्होंने इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा के आग्रह को स्वीकार करते हुए आगामी दिनों में विकास कार्य के लिए समय प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया किशहरवासियों को एक दिन छोड़कर पानी की पूर्ति की जा रही है। लेकिन अमृत-2 मिशन के तहत बनने वाली आधा दर्जन से ज्यादा पानी की टंकियों और करीब 105 किमी लंबी पेयजल पूर्ति लाइन बिछने के बाद 20 सालों तक क्षेत्रवासियों को नियमित भरपूर पानी की सप्लाई होने लगेगी।आगामी दिनों में पूर्व सीएम शिवराज करेंगे 56 करोड़ के विकास कार्य का भूमि-पूजननगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि शहर को विकसित करने के लिए गत दिनों 311 करोड़ रुपए का बजट की योजना बनाई थी, उसके अनुसार कार्य किए जा रहे है। हर वार्ड में सड़क, नाली और पेयजल की पूर्ति के लिए कार्य किए जा रहे है, वहीं आगामी दिनों में करीब 56 करोड़ रुपए के विकास कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com